वर्ष- 22 अंक - 112 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 05 अक्टूबर 2026

## मुन्नाभाई ने कहा- भारत में शांति नहीं मोदी का उड़ाया मजाक



**मुंबई.एजेंसी।** फिल्म अभिनेता संजय दत्त ने शेखर सुमन के टॉक शो में कहा कि देश में शांति महसूस नहीं होती। उन्होंने मोदी की विदेश यात्राओं का भी मजाक उड़ाया और कहा कि अगर मैं प्रधानमंत्री होता तो बार-बार विदेश नहीं जाता यहीं आम आदमी के बीच रहता। मुन्ना भाई के इस बयान पर बवाल मचा तो मुन्ना भाई ने कहा कि उन्होंने जो कुछ कहा, मजाकिया मूड में कहा।

## आया कोरोना का भाई, रूस में हो गया वुहान वाला कांड

**साइबेरिया.एजेंसी।** रूस के साइबेरिया क्षेत्र में एक सीक्रेट लैब में बैक्टीरिया का टेस्ट ट्यूब टूट गया जिससे इंफेक्शन फैल गया। इस इंफेक्शन की चपेट में आने से 28 साल की एक शोधकर्ता की मौत हो गई। करीब 200 लोगों को क्वारेनटाइन भी करना पड़ा। शोधकर्ता की मौत संभवतः प्लेग नामक बीमारी से हुई।

## ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आज सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली.एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट आज मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को सस्पेंड करने और चुनाव आयोग के फैसले लेने के तरीके को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने वाला है। इसी बीच जंतर-मंतर पर आज भी भारछात्रसं का प्रदर्शन जारी है।

## जंतर-मंतर पर महिला पत्रकारों का यौन शोषण

**नई दिल्ली.एजेंसी।** तीन महिला पत्रकारों ने जंतर-मंतर पर 3 अक्तूबर को हुए एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस मामले को दिल्ली पुलिस ने जांच के लिए क्राइम ब्रांच को सौंप दिया है।

## रूस ने यूक्रेन का पुल उड़ाया

**कीव.एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी कीव में रूस ने एक बड़े पुल को निशाना बनाया। नॉर्दर्न ब्रिज पर हुए इस हमले का वीडियो सामने आया है, जिसमें ड्रोन हमला होते ही पुल पर आग की तेज लपटें और काले धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दे रहा है। खास बात यह है कि हमले के वक्त पुल पर गाड़ियां भी चल रही थीं। पुल से सैनिकों और सैन्य उपकरणों की आवाजाही होती थी, इसलिए उसे निशाना बनाया गया।



### 9/11 दोहराने की थी तैयारी?

# वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की तरह निशाने पर थी इस्राइल की मशहूर इमारत?



**जुलाई में ही इजरायल में हमला करने की प्लानिंग में था आतंकी को-पायलट हम्मामी**

सोमवार ● एजेंसी

**दुबई से इजरायल जा रहे फ्लाईदुबई विमान में को-पायलट पर हमला करने वाले कथित आतंकी को-पायलट हमाम-अल-हम्मामी ने जुलाई में इजरायल के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट को क्रैश करने की प्लानिंग बनाई थी। जुलाई में ऐन वक्त पर उसने अपने इस प्लान को रद्द कर दिया था।**

फ्लाईदुबई की फ्लाइट को लेकर हम्मामी ने कथित तौर पर बताया कि लैंडिंग के समय वह आखिरी पल में विमान को किसी इमारत या दूसरे विमान से टकराने की प्लानिंग में था। वह इजराइल की किसी मशहूर इमारत से प्लेन को टकराना चाहता था। उसने जानबूझकर तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट की तलाश की थी। इसी वजह से उसने फ्लाईदुबई चुना था। एक इजरायली अधिकारी ने जांच से मिली शुरुआती जानकारी के आधार पर कहा कि संदिग्ध ने संभवतः अकेले ही हमला किया था।

# जन्मदिन पर किसान ने की आत्महत्या



सूखा

लातूर ● एजेंसी

महाराष्ट्र के लातूर में एक किसान ने अपने ही जन्मदिन पर आत्महत्या कर ली। रेनापुर से लगभग तीन किलोमीटर दूर उनके खेत में आम के पेड़ से लटका हुआ उनका शव मिला। पिछले दिनों तुकाराम नामक किसान ने भी यहां आत्महत्या की थी। महाराष्ट्र के लातूर जिले के वड़वाल नागनाथ गांव में पानी का संकट गहरा गया है। करीब 11 हजार की आबादी वाले गांव में कुएं और बोरवेल का जलस्तर तेजी से घट रहा है। लोगों को घंटों कतार में लगने के बाद भी सिर्फ 5 घड़े पानी मिल रहा है।



## रौद्र रूप में गोमती मंदिर में घुसा पानी

**लखनऊ.एजेंसी।** लखनऊ में गोमती नदी उफान पर है और जलस्तर खतरे के निशान (108।14 मीटर) पर पहुंचने से रिहायशी इलाके, हनुमंत धाम व रिवरफ्रंट जलमग्न हो गए हैं। फैजुल्लागंज और ग्रामीण इलाकों (बीकेटी) में बाढ़ के हालात हैं। राहत कार्य के लिए 30 नावें, 4 शिविर और ड्राई राशन दिए जा रहे हैं। यहां हनुमान मंदिर में भी पानी भर गया।

## फारूख ने कहा 'नेहरू की बड़ी गलती का खामियाजा भुगत रहा देश'

**जम्मू.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाने वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने चुनाव आयोग के बहाने नेहरू को घेरा है। उन्होंने कहा कि नेहरू की सबसे बड़ी गलती का खामियाजा देश भुगत रहा है। फारूक ने आगे कहा कि यदि नेहरू ने चुनाव आयोग को ऑटोनोमस बना दिया होता तो आज हमलोग इस स्थिति में नहीं होते।

## त्योहारों पर रेहड़ी-पटरी वालों को न हटाएं

**नई दिल्ली.एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे आने वाले नवरात्रि, दिवाली और छठ पूजा के त्योहारों के दौरान स्थानीय वेंडरों, सड़क किनारे सामान बेचने वालों, फेरीवालों, कुम्हारों और छोटे व्यापारियों को न हटाएं और उनकी आजीविका और मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## शेयर बाजार उछला

**मुंबई.एजेंसी।** शेयर बाजार में जारी लंबी गिरावट पर आज ब्रेक लग गया और मार्केट के दोनों इंडेक्स तूफानी तेजी के साथ ओपन हुए। एक ओर जहां बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स झटके में 600 अंक से ज्यादा की छलांग लगा गया, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स भी 150 अंक चढ़कर कारोबार कर रहा था।

## 10 बच्चे पैदा करो

**सोमवार.एजेंसी।** इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने कुछ हिन्दू संगठनों द्वारा हिन्दुओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील पर कहा कि हिन्दुओं को चाहिए कि वे कम से कम 10 बच्चे पैदा करें और हमारी बराबरी पर आएं।

## नाच-गाना बंद हुआ तो बारात वापस

**सोमवार.एजेंसी।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें दूल्हा माइक हाथ में लेकर कहता है कि खाना भले ही रात को 1-2 बजे मिले, लेकिन नाच-गाना बंद नहीं होना चाहिए। वरना बारात वापस हो जाएगी।

# धर्मग्रंथों में हिन्दू शब्द का उल्लेख नहीं

**दिग्विजय के विवादित बयान से भड़के साधु-संत**

**सोमवार.एजेंसी।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सनातन धर्म और हिंदुत्व को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि धर्मग्रंथों में 'हिंदू' शब्द का उल्लेख नहीं है और बीजेपी-आरएसएस सनातन धर्म को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। उनके इस बयान पर साधु-संतों ने आपत्ति जताई है। उन्होंने दिग्विजय के बयान को निंदनीय और बेबुनियाद बताया। बीजेपी नेता विश्वास सारंग ने दिग्विजय के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दिग्विजय सिंह ने वीर सावरकर पर निशाना साधते हुए कहा कि 'हिंदुत्व' शब्द सावरकर ने गढ़ा था।



# कांग्रेसियों को मृतकों के परिजनों ने कहा दोषियों को मिलना चाहिए सजा

## भागीरथपुरा में पहुंचे कांग्रेसी, अध्यक्ष ने कहा हम जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





भागीरथपुरा में हुए दूषित जल हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के घर पर कांग्रेस पहुंची। अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों ने कहा कि इस घटना के दोषियों को सजा मिलना चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि इस घटना की जांच रिपोर्ट से हम संतुष्ट नहीं है। भागीरथपुरा के जल हादसे पर न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट सामने आने के बाद अब एक बार फिर यह मामला चर्चा में आ गया है। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे अपने साथियों के साथ भागीरथपुरा की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के घर पर पहुंचे। वहां जाकर उन्होंने इन लोगों से मुलाकात की और उन्हें जांच आयोग की रिपोर्ट की जानकारी दी। यह जानकारी मिलने के बाद मृत व्यक्तियों के परिजनों ने कहा कि इस घटना के लिए दोषी महापौर, पार्षद, विधायक, निगम आयुक्त को सजा मिलना चाहिए। इन लोगों का कहना था कि अभी तक हमें कोई मुआवजा भी नहीं दिया गया है। बहुत सारे परिवार में तो एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद भी हमारी सुध लेने में सरकार ने कोई रुचि नहीं दिखाई है। सरकार की ओर से कोई पैसा अब तक नहीं मिला है। मृत व्यक्तियों के परिजनों का कहना था कि सरकार ने घोषणा की थी कि अस्पताल में इलाज करने का खर्चा सरकार के द्वारा उठाया जाएगा। यह घोषणा भी गलत साबित हुई है। हम लोगों ने अपने परिवार के बीमार सदस्यों का जो इलाज कराया, उसका पैसा खुद चुकाया है। इसके साथ ही हमने अपने परिवार के मृत व्यक्ति की लाश को अस्पताल से लेने के लिए भी पैसा दिया है। सरकार की ओर से हमें किसी भी स्तर पर कोई मदद नहीं मिली है।

चौकसे ने कहा कि लोगों की भावना के अनुसार कांग्रेस इस मामले को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतरेगी। हम कोशिश करेंगे कि हर दोषी को सजा मिलना चाहिए। न्यायिक आयोग के द्वारा भागीरथपुरा के पीड़ितों के लिए जो राहत और मुआवजे की अनुशंसा की गई है वह सरकार के द्वारा तत्काल इन परिवारों को दिया जाना चाहिए . इस दौरे में निगम नेता प्रतिपक्ष सोनीला मिमरोट भाटिया, दीपक मलेरिया रानू, राजू भदौरिया, घनश्याम यादव, महेश खिची, आशीष यादव, अमित यादव, रमेश बिंजवा, पूनम सवारिया आदि उपस्थित रहे।

# घायल शिक्षिका का हाल विधायक ने जाना

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



आम्बेडकर नगरी महू विधानसभा के जामनिया खुर्द की शिक्षिका ऋतु टिकले ड्यूटी पर जाने के दौरान दुर्घटना में घायल हो गई थी उन्हें सीएचएल अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक उषा ठाकुर सीएचएल अस्पताल पहुंची। उन्होंने घायल शिक्षिका ऋतु टिकले से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना और चिकित्सकों से उपचार को लेकर चर्चा की। विधायक उषा ठाकुर ने चिकित्सकों को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



## भाजपा पार्षद के वार्ड में बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 1 के वार्ड 1 के पार्षद महेश चौधरी शिवा के क्षेत्र में चुनरी यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया। बजरंग नगर, जगदीशपुरी, लक्ष्मी नगर, नट कॉलोनी के रहवासी बैठक में मौजूद रहे, सभी को चुनरी यात्रा का निमंत्रण दिया गया।



## भाजपा ने कल 56 स्थानों पर किया सेवाकार्य

### *व्यापारिक प्रकोष्ठ ने भी किया आयोजन*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेवा संकल्प अभियान के तहत कल भाजपा ने 56 स्थानों पर सेवाकार्य किया। व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल के नेतृत्व में वृद्धाश्रम एवं अनाथालयों में सेवा कार्य चलाया। प्रदेश के 56 स्थानों पर सेवा कार्य किए गए। सांसद शंकर लालवानी, धीरज खंडेलवाल, प्रवीण नीखरा, नीलेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, पंकज जैन, पिंकी प्रतिपाल टोंग्या, सुमित साबू सहित अन्य मौजूद थे।



## विधानसभा अध्यक्ष को पूर्व विधायक ने दिया निमंत्रण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** 18 अक्टूबर को बड़ा गणपति से बिजासन माता तक चुनरी यात्रा निकाली जाएगी और फिर माँ को बड़ी चुनरी अर्पण की जाएगी। आयोजन से पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता जुड़े हुए हैं। कल विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर इंदौर आए तो उन्हें चुनरी यात्रा का निमंत्रण देने पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता पहुंचे, स्वागत कर निमंत्रण दिया गया।

# योजनाओं को हल करने में मौजूद रहे भाजपाई और अधिकारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज हातोद नगर परिषद में आयोजित सेवा सेतु जन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राहियों को मिले इसके लिए क़ई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने शिविर शुरू कराया। अधिकारी राजेश सिंह, संजय जैन, नीरज प्रजापति, भी मौजूद रहे। भाजपा नेता सत्यनारायण आजाद, संजय सोनी, संतोष गुप्ता, मोतीलाल राजोरिया, कांतिलाल डाबी, श्रवण खत्री, महेश चौधरी, सुनील चौकसे, भारत पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपाइयों ने लिया बुजुर्गो से आशीर्वाद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत वार्ड 47 में 11 बुजुर्ग महिलाओं को रथ पर बैठाकर क्षेत्र में भ्रमण कराया गया और राशन किट वितरित की गईं। एक महिला कोमल देवी का जन्मदिन भी रथ पर भ्रमण के दौरान मनाया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया, अजेश शिरा, जितेंद्र जरिया, अरुण पटेल, रवि जरिया, सूरज गोरे, हितेश ठाकुर मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने योजनाओं पर रखा चाय का नाम

## राजवाड़ा पर सेवा संकल्प अभियान में पिलाई चाय

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



अनुसूचित जाति मोर्चा के शहर अध्यक्ष उपेन्द्र चौहान ने सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत कल राजवाड़ा पर नमो चाय सेवा का स्टॉल लगाया। इस स्टॉल पर सरकार की योजनाओं के नाम दिए गए, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर कड़क चाय, लाड़ली बहना चाय, अटल पेंशन चाय, उज्ज्वला चाय, वन नेशन आयुष्मान भारत चाय, अंत्योदय अन्न योजना चाय, किसान सम्मान योजना चाय पिलाई गई। शुभारंभ से लेकर बाद तक बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। आम लोग भी चाय पीने पहुंचे और उन्होंने योजनाओं के नाम की चाय को पढ़ा, समझा और फिर चाय का लुत्फ भी लिया। सुमित मिश्रा, शंकर लालवानी, रमेश मेंदोला, भगवान परमार, भूपेन्द्रसिंह चौहान, आकाश विजयवर्गीय, भूपेंद्र केसरी, अरुण पेंढारकर, कंचन गिदवानी, वरुण पाल, भगवतीप्रसाद शिंदे, ओमप्रकाश मोहिने, घनश्याम शेर, गौतम शर्मा, रितेश शर्मा, कमल आहूजा, भरत खस, नितेश खांडेकर, हिमांशु मालवीय, आदित्य पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

# अमेरिका से लौटते ही बिजासन टेकरी पर पहुंचे महापौर

## नवरात्रि मेले के लिए निगम अधिकारियों को पूरी तैयारी करने के निर्देश, नगर अध्यक्ष ने की विमानतल पर अगवानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज सुबह अमेरिका की यात्रा से लौटकर इंदौर पहुंचे। यहां आते ही विमानतल से वे सीधे बिजासन माता के मंदिर पहुंचे। नवरात्रि के दौरान मंदिर पर लगने वाले मेले और श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए निगम के अधिकारियों को पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए। विमानतल पर भार्गव का नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

करीब दो सप्ताह के विदेश प्रवास से लौटे महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर पहुंचते ही आगामी नवरात्रि पर्व की तैयारियों का जायजा एवं मां बिजासन का आशीर्वाद लिया। एयरपोर्ट से सीधे बिजासन टेकरी पहुंचे महापौर ने मां बिजासन माता मंदिर में दर्शन किए और मंदिर परिसर में नवरात्रि के दौरान होने वाली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नवरात्रि के दौरान बिजासन माता मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए महापौर ने मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं की आवाजाही, मेले की व्यवस्थाओं सहित नगर निगम की ओर से की जाने वाली तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और मंदिर प्रबंधन के सदस्यों से चर्चा कर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर ने मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखने, आने-जाने के मार्ग और अन्य जरूरी सुविधाओं पर भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने नवरात्रि को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी महापौर को दी। इस दौरान एमआईसी सदस्य अभिषेक 'बबलू' शर्मा, नंदकिशोर पहाड़िया भी मौजूद रहे। इससे पहले विमानतल पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के समर्थकों और एमआईसी सदस्यों ने स्वागत किया। इस दौरान सुमित मिश्रा, नंदकिशोर पहाडिया, राजेन्द्र राठौर,अभिषेक शर्मा बबलू, कमल वाघेला, निरंजनसिंह चौहान मौजूद थे।



## वृद्धा आश्रम में जमाई संगीत की महफिल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के निखिल सोनी ने वरिष्ठों के मार्गदर्शन में परदेशीपुरा स्थित वृद्धा आश्रम में वृद्धों के लिए संगीत की महफिल सजाई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, डॉ. निशांत खरे, सुमित मिश्रा, रमेश मेंदोला, राजेन्द्र राठौर, निखिल सोनी, चंदू शिंदे, हेमराज वाडिया, वरुण पाल, राकेश दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे। मंत्री सहित अन्य भाजपाइयों ने भी संगीत निशा में गीतों की प्रस्तुति दी और वृद्धों को भोजन भी कराया। राकेश सोमावत, मनीष चुरहट, संजय दीक्षित, अजीत कुशवाह, गीता कुशवाह, शैलेश ढोलवे, रोहित यादव, दीपक हटकर, रवि पांचाल, नन्नू यादव, भूरू यादव, यशवंत काशिद, सुरेंद्र पाल, तरुण माली, प्रवीण माली, शुभम सोलंकी, माही पंवार, पिंटू जोगी, गब्बर खाटवा, विनोद साहू उपस्थित थे।

## महापौर भार्गव एआई से स्मार्ट गवर्नेंस पर शाम को करेंगे संवाद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अमेरिका के आधिकारिक दौरे से लौटे महापौर पुष्यमित्र भार्गव एआई के माध्यम से स्मार्ट गवर्नेंस और भविष्य के इंदौर की संकल्पना पर मीडियाकर्मियों से संवाद करेंगे। यह आयोजन आज सोमवार, 5 अक्टूबर को सायं 5 बजे इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित किया जा रहा है। इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम व महासचिव प्रदीप जोशी ने बताया कि इस दौरान महापौर भार्गव अपनी अमेरिका यात्रा के अनुभव साझा करने के साथ ही शहर के विकास, स्मार्ट गवर्नेंस और एआई के उपयोग से तैयार की गई योजनाओं पर मीडिया के साथियों से विस्तृत चर्चा करेंगे।

# प्रदेश सहप्रभारी और दो प्रभारियों के बीच कांग्रेसियों ने उठाई अपनी बात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

### बैठक में गूंजा छात्रों की गूंज में डोम में प्रवेश का मुद्दा

लगातार सिटी ब्लास्ट ब्लॉक अध्यक्षों, वार्ड अध्यक्षों और टीम राहुल गांधी के साथ 40 लोगों की टीम व अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को छात्रों की गूंज कार्यक्रम 19 सितम्बर को डोम में प्रवेश नहीं मिलने के कारण नाराजगी का मुद्दा उठा रहा है। दो दिन पहले भी सिटी ब्लास्ट ने बताया कि नाराजगी प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी उषा नायडू के समक्ष जताई जाएगी और कल ऐसा ही हुआ। उषा नायडू के अलावा दो प्रभारी विधायक बाला बच्चन और पंकज उपाध्याय और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे की मौजूदगी में ज्यादातर ने खुले रूप से बोलकर कारण पूछा कि जब तय हुआ था कि डोम में प्रदेश सहप्रभारी से लेकर कोई भी कांग्रेसी अन्दर नहीं जाएगा तो फिर दिल्ली के नेताओं से लेकर प्रदेश सहप्रभारी सहित अन्य नेता अन्दर कैसे छात्रों की गूंज कार्यक्रम के डोम में प्रवेश कर गए थे। तेज आवाजों में अपनी बात खुद जिम्मेदार पदाधिकारियों ने उठाई। कुछ ने यह भी कहा कि हमारे अध्यक्ष बाहर थे इसलिए हम भी बाहर ही थे, लेकिन जिन्होंने वादा किया था कि वे अन्दर नहीं जाएंगे तो वे अन्दर कैसे पहुंच गए। दिल्ली से आए लोग डोम के अन्दर कैसे प्रवेश कर गए। कुल मिलाकर कल की रविवार बैठक दमदार हुई और जो अन्दर जाने से वंचित रहे उनमें से कई लोगों ने अपनी बात दमखम के साथ जिम्मेदारों के बीच रखी। मीडिया में बात ज्यादा ना छपे इसलिए पर्दा डालने की कोशिश भी की गई। उल्लेखनीय है कि कल की बैठक का कोई तूक नहीं था इस बैठक का भी विरोध हो रहा था, लेकिन जानकारों का कहना है कि विगत दिनों ब्लॉक अध्यक्षों ने इसी छात्रों की गूंज में प्रवेश नहीं पाने पर नाराजगी की बैठक की थी, जिसकी भनक भी प्रदेश सहप्रभारी उषा नायडू को लगी थी और उसी दिन नायडू ने ब्लॉक अध्यक्ष की बैठक के दौरान वीडियो कॉल कर चर्चा भी की थी और शाम को वीडियो कान्फ्रेंसिंग की बात भी कही थी, जिसे ब्लॉक अध्यक्षों ने सिरे से खारिज कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि इसी नाराजगी को कम करने के लिए कल यह बैठकें ब्लॉक, मंडलम, शहर पदाधिकारी, समन्वय समिति की बुलाई गई थी, लेकिन पहली ही बैठक में नाराजगी ने बैठक का जायका बिगाड़ दिया था।

## डागा के नेत्रदान पर सांसद की मौजूदगी में प्रमाण-पत्र

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज से जुड़े रहे समाजसेवी जयकिशन डागा का शुक्रवार को निधन हो गया था और उसी दिन शाम को अन्त्येष्टी की गई थी उसके पूर्व परिजनों ने एमके इंटरनेशनल आई संस्था के माध्यम से नेत्रदान का निर्णय लेकर नेत्रदान कराया। सांसद शंकर लालवानी की मौजूदगी में यह नेत्रदान का प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान तनुज डागा, ईश्वर बाहेती, डॉ. सीपी हेड़ा, सागरमल खटोड़, महेश लड्ढा, जयप्रकाश लाहोटी मौजूद थे।



# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी के खिलाफ यादव समाजजनों ने की शिकायत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



यादव समाज एवं भाजपा से जुडे हरिनारायण यादव, शिवम यादव, संध्या यादव सहित अन्य ने मुख्यमंत्री और यादव समाज का अपमान करने और बदनाम करने का आरोप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर लगाया। सभी ने यही कहा कि यादव समाज को बदनाम करने का षड्यंत्र बर्दाश्त नहीं, जीतू पटवारी सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण दें। जीतू पटवारी द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए वीडियो को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि यादव समाज के नाम और पहचान को किसी राजनीतिक षड्यंत्र का माध्यम बनाना कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। बड़ी संख्या में समाजजन एसपी ऑफिस पहुंचे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। यादव समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जीतू पटवारी के फेसबुक पोस्ट में 'टीकमगढ़ के यादव जी ने कर दिया है' जैसी टिप्पणी के साथ एक वीडियो प्रसारित किया गया। वीडियो की वास्तविकता, उसकी मूल सामग्री और उसमें प्रयुक्त नाम एवं संदर्भ को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। यदि मूल समाचार अथवा वीडियो में संबंधित व्यक्ति का नाम नहीं था और बाद में डिजिटल माध्यम से नाम अथवा संदर्भ जोड़ा गया है, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि यादव समाज को अपराध, कानून-व्यवस्था या किसी व्यक्ति के कथित कृत्य से जोड़कर सामूहिक रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास सामाजिक रूप से आपत्तिजनक है। किसी एक व्यक्ति के मामले को पूरे समाज की पहचान से जोड़ना करोड़ों यादवों का अपमान है। इस अवसर पर हरिनारायण यादव, पार्षद शुभम् यादव,पार्षद संध्या यादव, अंकित यादव, गगन यादव, भूरू यादव, प्रदीप यादव, आशीष यादव, महेश यादव, अभय यादव, रोहित यादव, सोनू यादव, गोलू यादव राजेश यादव, सुनील यादव, नंदलाल यादव, संतोष यादव, मनोज यादव उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने मांगा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से त्याग पत्र

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से त्याग-पत्र मांगा। यह त्याग-पत्र संविधान और संस्थाओं के साथ गलत बयानबाजी और खिलवाड़ करने के लिए मांगा गया है। साथ ही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से भी सांसद पद से इस्तीफा मांगा है।

## मंत्री को बताई हड़ताली राशन दुकानदारों की समस्या



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रदेश में हो रही राशन दुकानदार की हड़ताल के समर्थन में प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भेंटकर समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने निराकरण का आश्वासन दिया। उमेश बाजपेयी, पंकज जैन, प्रशांत नामदेव, नंदकिशोर कसेरा, रुद्र शुक्ला उपस्थित रहे।

# सिंधी समाजजनों के बीच शिविर में पहुंचे सांसद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पूज्य जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत, लायंस क्लब आफ इंदौर सिटी यूनिक के संयुक्त तत्वावधान में जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत भवन पलसीकर कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 300 लोगों ने जांच कराई। सांसद शंकर लालवानी, पंचायत सरपंच राजा मांधवानी, विशाल गिदवानी, डॉ. जयकुमार परियानी, रिंकी जयसिंघानी



चुग, राजेन्द्र सचदेव, डॉ. के.के. नीमा, सच्चानंद वाधवानी, नरेश मनकानी, संजय कालरा, लालचंद वाधवानी, जयपाल बजाज, राकेश पंजवानी, नंदलाल झामवानी, मंशाराम राजानी, सच्चानंद कामोरा, गोपाल परियानी, वासुदेव हरगुनानी, गिरधारीलाल गुरेजा, सुरेश घनानी, नंदलाल खथुरिया, दीपचंद चावला, कमल कस्तूरी सहित अन्य मौजूद थे।

# झोनल कार्यालय में लगे जनविश्वास शिविर

### 17 वर्ष पुराने मृत्यु प्रमाण-पत्र का भी किया निराकरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत 15 जोनल कार्यालयों में जनविश्वास शिविर आयोजित किए गए। 'सरकार आपके द्वार' के तहत नागरिकों को वार्ड स्तर पर लोक सेवाएं उपलब्ध कराई गई। प्रभारी



महापौर राजेन्द्र राठौर, क्षेत्रीय विधायक, आयुक्त, अपर आयुक्त और एमआईसी सदस्यों के अलावा पार्षदों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण किया। इस शिविर में 17 वर्ष पुराने मृत्यु प्रमाण पत्र का 15 मिनट में निराकरण हुआ। हासिली देवी के पति का 17 वर्ष पुराना मृत्यु प्रमाण-पत्र की दिनांक और माह की जानकारी नहीं होने के कारण परेशानी आ रही थी, जिसे ढूंढकर बनाया गया।



## विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने दिया पत्रकारिता महोत्सव में उदबोधन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के तीसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर और मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सार्थक सम्बोधन दिया। डॉ. आर.के. जैन, सुजाता राघवन, राजेश दंडोतिया,शिवांगी द्विवेदी,शिशिर सिन्हा ने भी अपनी भूमिका निभाई।

# 29 स्थल शांत परिक्षेत्र घोषित

### अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को किया गया है शामिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा इंदौर जिले में कानून-व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 29 स्थलों को शांत परिक्षेत्र घोषित किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से शासकीय एवं निजी अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थल शामिल हैं। इन स्थलों के आसपास शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से इन्हें शांत परिक्षेत्र की सूची में शामिल किया गया है। जिनमें एम.वाय. अस्पताल, जिला अस्पताल धार रोड, बॉम्बे हॉस्पिटल विजय नगर, कन्वेनियंट हॉस्पिटल (सी.एच.एल.) एम.आई.जी., भंडारी हॉस्पिटल विजय नगर, अरविन्दो हॉस्पिटल सांवेर रोड, मानसिक चिकित्सालय बाणगंगा, चोईथराम अस्पताल तथा गोकुलदास अस्पताल, चाचा नेहरू एवं डेंटल अस्पताल, यूनिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल दशहरा मैदान के सामने, बी.सी.एम. कोकिलाबेन हॉस्पिटल निपानिया, कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल नंदानगर, एम.टी.एच. हॉस्पिटल कोठारी मार्केट के पास तथा अपोलो राजश्री हॉस्पिटल विजय नगर को शांत परिक्षेत्र में सम्मिलित स्थलों की सूची में रखा गया है। इसी तरह शैक्षणिक संस्थानों में जीजामाता गर्ल्स कॉलेज मोती तबेला, गोविन्दराम सक्सेरिया इंजीनियरिंग कॉलेज, होल्कर साइंस कॉलेज, सत्य साईं स्कूल विजय नगर, न्यू गर्ल्स डिग्री कॉलेज किला मैदान तथा गुजराती एवं क्रिश्चियन कॉलेज इंदौर शामिल हैं। इसके अलावा खंडवा रोड भंवरकुआं से आईटी पार्क चौराहा (यूनिवर्सिटी कैंपस) को भी सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही विशेष जुपिटर हॉस्पिटल तीन इमली, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ढक्कनवाला कुआं, मेडिकेयर हॉस्पिटल तिलक नगर के पास तथा भगवती नर्सिंग होम तिलक नगर के पास, तिलक नगर पब्लिक स्कूल तिलक नगर, कृष्णा पब्लिक स्कूल तिलक नगर तथा सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर, इंदौर को भी सूची में शामिल किया गया है। शहर के कुल 29 संवेदनशील स्थलों को शांत परिक्षेत्र में सम्मिलित किया गया है।



## पार्षद पेंढारकर ने दी सड़क की सौगात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

वार्ड क्र.59 की पार्षद डॉ. रुपाली अरुण पेंढारकर द्वारा वार्ड के सम्पूर्ण विकास के अंतर्गत निहालपुरा गली नम्बर 5 एवं 6 में सीमेंटीकरण कार्य प्रारंभ किया गया। इस क्षेत्र में नवीन ड्रेनेज लाइन एवं नर्मदा लाइन डालने के पश्चात सीमेंटीकरण का कार्य प्रारंभ हुआ है।

# 96 लीटर अवैध शराब पकड़ी

### वाहन भी किया गया जब्त

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। एक आरोपी के कब्जे से विभिन्न ब्रांड की 96 बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद, वाहन सहित कुल 12 लाख रुपये की सामग्री जब्त। वृत्त महू-अ, इंदौर क्षेत्र में गश्त के दौरान सोनवाय टोल के पास सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा एक टाटा मैजिक टेम्पो की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन के अंदर से विभिन्न ब्रांड की कुल 96 बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई। बरामद अवैध मदिरा में लंदन प्राइड व्हिस्की की 3 पेटी, आइकॉनिक व्हिस्की की 1 पेटी, लंदन प्राइड ऑरेंज वोदका की 2 पेटी, बोल्ट बीयर की 2 पेटी तथा देशी मदिरा प्लेन की 2 पेटी शामिल हैं। इस प्रकार कुल 10 पेटी अवैध मदिरा बरामद की गई। बरामद मदिरा एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 12 लाख रुपये बताया गया है। आबकारी विभाग द्वारा बरामद मदिरा एवं वाहन को



विधिवत कब्जे में लेते हुए आरोपी अमित पिता अरविंद तिवारी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी एक्ट के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। अधिकारी कमलेश सोलंकी, मनोज अग्रवाल के निर्देश पर हुई कार्रवाई में निधि शर्मा, जयेश वास्केल, कमलेश निहोरे, विवेक कनाडे, अर्जुन धुर्वे की भूमिका सराहनीय रही।

# यूनियन के आव्हान पर हड़ताल पर रहे सफाई मित्र

### कई क्षेत्रों में नहीं हुई सफाई तो कई क्षेत्रों में आए काम पर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सफाई करने वाले कर्मचारियों को नगर निगम की नौकरी में स्थाई करने की मांग को लेकर एक यूनियन के द्वारा किए गए आव्हान न के परिणाम स्वरूप आज सफाई मित्र हड़ताल पर रहे। इसके परिणाम स्वरूप कई क्षेत्रों में सफाई नहीं हुई तो कई क्षेत्र में कर्मचारी रोज की तरह बराबर काम पर भी आ गए।

नगर निगम के द्वारा शहर के हर क्षेत्र में सफाई करने के लिए सफाई मित्र नियुक्त किए गए हैं। इन सफाई मित्रों के द्वारा हर दिन सुबह से अपने निर्धारित क्षेत्र में जाकर सफाई के काम को अंजाम दिया जाता है। आज सुबह शहर के कई क्षेत्रों में सफाई मित्र सफाई करने के लिए नहीं पहुंचे। या स्थिति देखकर उसे क्षेत्र के नागरिक आश्चर्यचकित थे। इन नागरिकों के द्वारा जब नगर निगम की कचरा गाड़ी के चालकों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नगर निगम की नौकरी में स्थाई करने की मांग को लेकर सफाई मित्र आज हड़ताल पर हैं। इसके साथ ही सफाई गाड़ी पर चलने वाले कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि कई क्षेत्रों में सफाई मित्रों के नहीं जाने के कारण सफाई का काम नहीं हो सका है। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में सफाई मित्र बराबर रोज की तरह काम पर आ गए हैं और उनके द्वारा अपने काम को अंजाम दिया गया है। यह स्थिति स्पष्ट होने के बाद अभी यह मालूम नहीं पड़ सका है कि आखिर कितने प्रतिशत सफाई मित्र आज काम से गायब रहे हैं। नगर निगम की ओर से सफाई मित्रों की हड़ताल के कारण पैदा हुए हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है। निगम के कर्मचारियों का कहना है कि जिन क्षेत्रों में सफाई नहीं हुई है वहां पर सफाई करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को भेजा जा रहा है।

**स्थाई करने की मांग है पुरानी-** हर मौसम में सुबह से सड़क पर आकर सफाई करने वाले कर्मचारियों के द्वारा नगर निगम की नौकरी में खुद को स्थाई करने की मांग पिछले काफी समय से की जा रही है। इस मांग को राज्य सरकार और नगर निगम के द्वारा स्वीकार नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सफाई कर्मचारियों के द्वारा आंदोलन शुरू किया गया है। इन कर्मचारियों का कहना है कि जब हम काम पूरी ईमानदारी के साथ हर दिन करते हैं तो फिर हमें नौकरी में स्थाई करते हुए पर्याप्त वेतन दिया जाना चाहिए।

# घरों में दीपावली की सफाई शुरू, लोगों ने बेखौफ कचरा फेंकना किया शुरू

## निगम को खुले स्थानों और रहवासी क्षेत्रों में दिखानी होगी सख्ती

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दीपावली अभी दूर है, लेकिन शहर में कचरे का त्योहार शुरू हो गया है। घरों में रंगाई-पुताई और सफाई का दौर शुरू होते ही पुराना कबाड़, कपड़े, प्लास्टिक, कागज, लकड़ी और पुताई से निकला वेस्ट बड़ी मात्रा में बाहर आने लगा है। समस्या यह है कि लोग इसे कचरा गाड़ी में देने के बजाय रात के अंधेरे में बोरियों में भरकर खाली प्लॉटों और खुले मैदानों में फेंक रहे हैं। यानी जिस शहर ने स्वच्छता की मिसाल बनाई, उसी शहर में त्योहार की तैयारी के नाम पर खुले स्थानों को फिर कचरा डंपिंग ग्राउंड बनाने की कोशिश शुरू हो गई है।

### पितृपक्ष में शुरू हो गई सफाई

अभी पितृपक्ष चल रहा है और नवरात्रि शुरू भी नहीं हुई है। इसके बाद दशहरा और दीपावली की सफाई का दबाव बढ़ेगा। ऐसे में अभी से खुले में कचरा फेंकने की छूट रही तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं। निगम के कर्मचारी भी इस परेशानी से जूझ रहे हैं। दिन में सफाई के बाद रात में कौन कचरा डालकर चला गया, इसका पता लगाना मुश्किल हो रहा है। इसी का फायदा उठाकर लोगों के हौंसले बढ़ रहे हैं।

### दीपावली पर 1500 टन से ज्यादा कचरा निकल चुका है

पिछली दीपावली पर इंदौर में 1500 टन से ज्यादा कचरा निकलने की रिपोर्ट सामने आई थी। 2025 में भी त्योहार के आसपास सामान्य दिनों के मुकाबले कचरे की मात्रा बढ़कर करीब 1350 से 1400 टन प्रतिदिन तक पहुंच गई थी। सामान्य दिनों में भी शहर में करीब 1100-1200 टन कचरा निकलता है।

### समझाइश के साथ निगरानी और स्पॉट फाइन जरूरी

इस बार निगम को दीपावली के कचरे का इंतजार करने के बजाय पहले से मैदान संभालना होगा। रहवासी संघों की बैठक लेकर लोगों को अतिरिक्त सूखा कचरा कचरा गाड़ी में देने की व्यवस्था समझानी होगी। साथ ही खाली प्लॉट, खुले मैदान और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ानी होगी। जरूरत पड़े तो रात में गश्त और सीसीटीवी के जरिए कचरा फेंकने वालों की पहचान कर स्पॉट फाइन किया जाए।

### कचरा फेंकने वालों को रोकना चुनौती

सफाई के मामले में इंदौर की सबसे बड़ी ताकत यही रही है कि निगम के साथ नागरिक भी जिम्मेदारी निभाते हैं। लेकिन त्योहार की सफाई के नाम पर यदि नागरिक खुले में कचरा फेंकते रहे और निगम केवल उठाने के पीछे दौड़ता रहा तो यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं होगी। इस बार चुनौती कचरा उठाने की नहीं, कचरा खुले में फेंकने से रोकने की है।



# कचरा संग्रहण करने वालों ने मंगलसूत्र किया महिला के सुपुर्द

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

झोन-4 के सीएसआई विजय यादव ने बताया कि वार्ड-12 में कचरा संग्रहण वाहन चालक मोहित चौहान और सहायक हेमंत राजकुमार ने न्यू राम नगर में कचरा संग्रहण किया था। इस दौरान महिला ने अपने घर का गीला-सूखा कचरा वाहन में दे दिया था। यह वाहन संगम नगर स्थित जीटीएस पहुंचा। इसी दौरान न्यू राम नगर की महिला संगम नगर पहुंची और कर्मचारियों को बताया कि उसका मंगल सूत्र कचरा संग्रहण वाहन में चला गया है। तत्काल वाहन चालक मोहित चौहान और सहायक हेमंत राजकुमार ने जीटीएस पर पदस्थ कर्मचारी अमर और गोविंद के माध्यम से कचरे के बीच खोजबीन की और सोने का मंगलसूत्र मिल गया। सभी ने महिला को मंगलसूत्र सुपुर्द किया। मंगलसूत्र पाकर महिला ने चालक, सहायक और दोनों कर्मचारियों का साधुवाद किया और ईमानदारी की सराहना की।

# अब जीपीओ से सरवटे बस स्टैंड की सड़क का काम शुरू करने की तैयारी में निगम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नगर निगम के द्वारा जीपीओ चौराहे से सरवटे बस स्टैंड तक मास्टर प्लान की सड़क का निर्माण करने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मार्ग पर सड़क निर्माण करने के लिए बड़ी संख्या में मकान में तोड़फोड़ की जाएगी।**

निगम के द्वारा अभी मधु मिलन चौराहा से लेकर जगन्नाथ धर्मशाला तक सड़क को बनाने का काम किया जा रहा है। इसमें से बड़े क्षेत्र में सड़क का निर्माण पूरा हो गया है। जितने क्षेत्र में बचा है वहां पर तेज गति के साथ कामकाज किया जा रहा है। यहां सड़क के निर्माण का रास्ता साफ करने के लिए अभी 2 दिन पहले ही छावनी चौराहा पर स्थित मथुरा वाला की मिठाई की दुकान और ऊपर बनी हुई होटल के निर्माण को तोड़ा गया है। यह निर्माण तोड़ दिए जाने के कारण इस स्थान पर सड़क को चौडा करने का रास्ता मिल गया है। मथुरा वाला की बिल्डिंग के पास में स्थित मस्जिद में आपसी सहमति से ही सड़क के लिए स्थान बिना किसी हो हल्ले के दे दिया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि अब जब मधुमिलन से जगन्नाथ धर्मशाला की सड़क का काम अंतिम चरण की तरफ बढ़ने लगा है तो समानांतर रूप से नगर निगम के द्वारा जीपीओ चौराहा से सरवटे बस स्टैंड तक की सड़क के निर्माण के कार्य की फाइल को खोल दिया गया है। इस सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम पूर्व में ही सर्वे करवा चुका है। इसके साथ ही निगम के द्वारा मकान का कितना निर्माण तोड़ना पड़ेगा इसकी सूची भी बना ली गई है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी यह बता दिया गया है कि उनके मकान का कितने फीट का हिस्सा सड़क को चौड़ा करने के काम में जाएगा।

### *बड़ी संख्या में की जाएगी मकान में तोड़फोड़, फिर होगा सड़क का रास्ता साफ*

नगर निगम के द्वारा पहले ही यह तय कर दिया गया था कि मधुमिलन से जगन्नाथ धर्मशाला वाली सड़क का काम जब पूरा होने आ जाएगा तो उसके बाद में ही जीपीओ की सड़क का काम शुरू किया जाएगा ताकि इस क्षेत्र में नागरिकों को आना-जाना करने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। निगम के द्वारा लिए गए इस फैसले के अनुसार ही अब जीपीओ की सड़क के काम को खोलने की तैयारी की जा रही है। निगम के अधिकारियों का मानना है कि अब दीपावली तक इस काम के लिए नहीं रोका जा सकता है। ऐसे में अधिकारियों के द्वारा दीपावली के पहले ही इस क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर तोड़फोड़ करते हुए सड़क का रास्ता निकालने का काम किया जाएगा।

### नई लाइन भी डाली जाएगी

इस क्षेत्र में सड़क का निर्माण करने के साथ ही पानी और ड्रेनेज की नई लाइन डालने का काम भी किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है की लाइन डालने का काम फुटपाथ वाले स्थान पर चलता रहेगा और बाद में करते रहेंगे। सड़क के बीच के स्थान पर तेजी से सीमेंट कांक्रीट की सड़क के निर्माण को करने को प्राथमिकता दी जाएगी। इन अधिकारियों का कहना है कि इस सड़क का काम जितनी जल्दी शुरू होगा उतनी जल्दी उसे पूरा किया जा सकेगा। ध्यान रहे कि छावनी चौराहे से लेकर राज टॉकीज तक के स्थान पर इस सड़क में कोई बहुत ज्यादा बाधा नहीं है। मसीही भवन से लेकर सरवटे तक और जीपीओ चौराहे से लेकर छावनी चौराहे तक के क्षेत्र में ही ज्यादा बाधाएं हैं।

# आखिर कब सुध लेंगे शहर के व्यावसायिक बाजारों के यातायात प्रबंधन पर?

## फुटपाथ पर कब्जे, सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग और ऑटो-ई रिक्शा के अवैध स्टैंड ने शहर के सबसे व्यस्त बाजारों को बना दिया यातायात की भूलभुलैया -अक्षय जैन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर के व्यावसायिक बाजारों में ग्राहक खरीदारी करने आता है, व्यापारी कारोबार करने आता है, लेकिन बाजार तक पहुंचना ही अब किसी परीक्षा से कम नहीं। सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग, फुटपाथ पर कारोबार, सड़कों पर खड़े ऑटो और ई-रिक्शा तथा सवारियां पकड़ने की गला काट प्रतिस्पर्धा ने शहर के सबसे व्यस्त बाजारों का यातायात प्रबंधन लगभग बेपटरी कर दिया है।

एमजी रोड से राजबाड़ा, खजुरी बाजार, गौराकुंड, सीतलामाता बाजार, सराफा, पीपली बाजार और गोपाल मंदिर रोड तक हालात किसी एक दिन की समस्या नहीं हैं। यह रोज का दृश्य है। पैदल चलने वाले के लिए फुटपाथ नहीं, वाहन चालक के लिए खुली सड़क नहीं और व्यापारी-ग्राहक के लिए व्यवस्थित पार्किंग नहीं। आखिर बाजार चले तो कैसे चले?

सबसे बड़ा सवाल यातायात व्यवस्था संभालने वाली मशीनरी से है। सड़क पर नियम दिखाई नहीं देते, केवल वाहन दिखाई देते हैं। जहां नो-पार्किंग होना चाहिए, वहां वाहन खड़े हैं। जहां पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ होना चाहिए, वहां सामान और अस्थायी कारोबार फैला है। जहां ऑटो और ई-रिक्शा को निर्धारित स्थान पर खड़ा होना चाहिए, वहां सड़क को ही स्टैंड बना लिया गया है। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की सवारियां लेने की प्रतिस्पर्धा ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। एक वाहन सड़क के बीच रुकता है तो उसके पीछे दूसरा रुकता है और देखते ही देखते पूरा यातायात सिकुड़कर कुछ फीट में सिमट जाता है। इसके बाद हॉर्न, विवाद, जल्दबाजी और जाम यही बाजार का नया यातायात अनुशासन बन गया है।

छह माह पहले स्थिति इतनी अनियंत्रित नहीं थी। स्वयं एडिशनल पुलिस आयुक्त एवं यातायात प्रभारी राजेश त्रिपाठी अपने अधीनस्थ अधिकारियों, संबंधित थाना प्रभारियों और पुलिस बल के साथ इन क्षेत्रों में यातायात सुधार के लिए सड़कों पर उतरे थे। उस अभियान का असर दिखाई दिया था। कुछ समय के लिए यातायात में अनुशासन आया और लोगों को लगा कि शायद अब व्यवस्था स्थायी रूप से सुधरेगी।

**लेकिन वह सुधार टिक नहीं पाया।**- आज सवाल यह नहीं है कि पुलिस ने कभी अभियान चलाया या नहीं। सवाल यह है कि अभियान के बाद निगरानी कहां गई? क्या यातायात व्यवस्था केवल वरिष्ठ अधिकारी के सड़क पर उतरने तक ही सक्रिय रहती है? क्या स्थानीय स्तर पर रोज की निगरानी की कोई जिम्मेदारी तय नहीं है? और सबसे चिंताजनक स्थिति सराफा चौराहे की है। यह केवल बाजार का चौराहा नहीं, शहर के अत्यंत संवेदनशील और व्यस्त व्यापारिक क्षेत्रों में से एक है। यहां व्यापारी और ग्राहक बड़ी कीमत के माल और धन के साथ आवाजाही करते हैं। ऐसे स्थान पर दिनभर वाहनों की गुत्थमगुत्था, अव्यवस्थित पार्किंग और जाम की स्थिति केवल असुविधा नहीं, बल्कि सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़ा विषय भी बन जाती है। सवाल सीधा है क्या यहां नियमित यातायात पुलिस की प्रभावी मौजूदगी नहीं होनी चाहिए? शहर के बाजारों को पुलिसिया अभियान नहीं, स्थायी यातायात अनुशासन चाहिए। फुटपाथ खाली हों, पार्किंग निर्धारित हो, ऑटो-ई रिक्शा के स्टैंड तय हों और सड़क पर सवारी भरने की मनमानी पर तत्काल रोक लगे। स्थानीय थाना और यातायात पुलिस के बीच जिम्मेदारी स्पष्ट हो तथा रोजाना निगरानी का तंत्र दिखाई दे। इंदौर ने स्वच्छता में देश को रास्ता दिखाया है। अब शहर के व्यावसायिक बाजारों को भी यह पूछने का अधिकार है सड़क पर व्यवस्था कब दिखाई देगी? क्योंकि व्यापारी और ग्राहक जाम में फंसने के लिए बाजार नहीं आते। वे कारोबार और खरीदारी करने आते हैं। शहर को उनकी सुविधा चाहिए, यातायात की सजा नहीं।

# अरिष्टनेमी एवं पार्श्वनाथ महामंलकारी अनुष्ठान का आयोजन होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा., डॉ. महाप्रज्ञा म.सा., पदम कीर्ति म.सा., राज कीर्ति म.सा. के सानिध्य में महामंगलकारी अनुष्ठान के अंतर्गत भगवान अरिष्टनेमी एवं भगवान पार्श्वनाथ अनुष्ठान का आयोजन 10 अक्टूबर शनिवार की सुबह 6.15 बजे से शुरू होगा जो 11 अक्टूबर प्रातः 7:45 बजे तक आयोजित होगा। अनुष्ठान का आयोजन नरसिंह वाटिका, एयरपोर्ट रोड में किया जाएगा। अनुष्ठान में लगभग 3000 श्रद्धालु भाई बहन बड़ी संख्या में सहभागी होकर धार्मिक लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजकों के अनुसार, अनुष्ठान में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ आयोजन स्थल पर की गई हैं। अनुष्ठान का आयोजन श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ ट्रस्ट, महावीर भवन, इमली बाजार, के तत्वावधान में होगा। यह अनुष्ठान पूर्णतया निःशुल्क है लेकिन रजिस्ट्रेशन आवश्यक है,रजिस्ट्रेशन नरसिंह वाटिका एयरपोर्ट रोड़ पर किया जा रहा है। आयोजन में अरविन्द जैन, अरुण जैन, नवीन जैन, राजेश मेहता परिवार जुडे है। प्रकाश भटेवरा, अचल चौधरी, राजकुमार जैन, हेमन्त बोहरा, उमेश जैन, सुनील नाहर, जयंतीलाल डांगी, रमेश भंडारी, जिनेश्वर जैन ने बताया कि पितृ दोष है उनके लिए यह अनुष्ठान अत्यंत लाभदायक है। इस अनुष्ठान की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें किसी प्रकार के द्रव्यों की आहुति नहीं होगी इसमें मात्र स्थानकवासी परम्परा का निर्वाह किया जाएगा जिसमें भगवान अरिष्टनेमी नाथ की 180 माला एवं भगवान पार्श्वनाथ की 100 माला कुल 280 माला आयोजन स्थल पर ही गिनी जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला अतिथि होंगे। जीतो के चेयरमैन संजय डांगी, पूर्व चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, प्रकाश धारीवाल, प्रदीप राठौर, जयसिंह जैन के उपस्थित रहने की सम्भावना है।



## मध्यस्थता केन्द्र का लोकार्पण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सर्व समाज सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र, विजय नगर कार्यालय का लोकार्पण कल किया गया। सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में मौजूद गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्ति को निःशुल्क एवं सरल न्याय उपलब्ध कराना है। कल लोकार्पण के बाद विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान डॉ. मोहम्मद शमीम, राहुल निहोरे, राजेश जारवाल, मदनलाल मिमरोट, पुरुषोत्तम यादव, नरोत्तम माहेश्वरी, डॉ. शरद पण्डित, नरेन्द्र धाकड़, एजाज शेख, अमजद बैलीम, प्रताप करेसिया, हेमराज वाडिया, कैलाश चौधरी, इस्माइल लहरी, लक्ष्मीनीरायण बरुआ, प्रकाश कुंवाल, रामकिशन मिमरोट, निरज मिमरोट, अशोक गोगड़े, रतनलाल लकवाल, मुन्नालाल मरमट, असलम कुरैशी, रमेश गोमे सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन मातृशक्तियों का जुलूस में स्वागत





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग में मुनि पुंगव सुधासागर म.सा. के चातुर्मास प्रवचन चल रहे है। दो दिवसीय जैन महिला महाकुम्भ का आयोजन कल से शुरू हुआ था। कल तीन अलग-अलग सत्र चले। आज सुबह देशभर के कई शहरों से आई हजारों मातृशक्तियां जुलूस में शामिल हुई। एयरपोर्ट थाने के आगे मिडफ्लाइट होटल से दलाल बाग तक जुलूस निकला। ज़गह-जगह जैन मातृशक्तियों का स्वागत भी हुआ। जुलूस में कई बग्घी, बैण्ड दल, आर्केस्ट्रा पार्टी, भजन गायक, भजन मंडली, ई-रिक्शा सहित अन्य तामझाम शामिल थे। जुलूस के बाद दलाल बाग में सुबह मुनिश्री के सानिध्य में बैनर प्रजेंटेशन एवं मंगल देशना के आयोजन भी हुए। दूसरा सत्र दोपहर 1.15 बजे से शाम 4.30 बजे तक होगा। पुरस्कार वितरण आयोजन भी किया जाएगा जिसमें विभिन्न स्पर्धाओं में शामिल विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। सपना-मनीष गोधा, शिवानी-नवीन गोधा, शीला जैन, सुशीला पाटनी, शांता पाटनी, तारिका पाटनी, साधना दगडे, रूचि गोधा, संगीता बाकलीवाल, अशोक डोसी, हर्ष जैन, प्रिंसपाल टोंग्या, संजय पाटोदी, राहुल सेठी, अंकुल पाटोदी, संजय सामरिया, गिरीश जैन, अक्षय कासलीवाल, रमेश जैन, धर्मेन्द्र जैन, प्रदीप ब्रह्मचारी, विनोद भैया, विजय दुर्ग, सौरभ बडजात्या, भूपेंद्र भोपाली, डॉ. ममता जैन, गौरव पाटोदी, राहुल झांजरी, सुयश जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## सर्वोदय स्कूल की छात्राओं ने उकेरी मेहंदी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार की प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि विद्यार्जन के अलावा अन्य विधाओं में विद्यार्थियों को महारत हासिल हो इसलिए अलग-अलग आयोजन भी कराए जाते हैं। फुल हाथ मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन 5वीं से 8वीं के विद्यार्थियों के लिए किया गया।

## चित्रकला के विजेताओं का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा कल खुली चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कृष्णपुरा छत्री पर सर्वसमाज के लिए किया गया था। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सब्जेक्ट के मुताबिक अपने जौहर दिखाकर चित्र बनाए। विजेता विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।



शिव जिंदल, राजेश गर्ग, शशि गर्ग, विनोद गोयल, श्याम अग्रवाल, अंजलि मनीष मित्तल, सतीश गोयल, विजय गर्ग, उमेश बिंदल, हरीश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, कमलेश मित्तल, प्राची गर्ग, अरुण गोयल की मौजूदगी में नील वर्मा, आयुषी महावर, माही गुप्ता, पूनम खरें, मुनमुन, चारवी जिन्दल, पार्थ राय, चेरी त्रिवेदी, आराध्य, साई जोशी, दिक्षा, प्रणव, मिनी को पुरस्कृत किया गया।



## दोपहर में हो रही है भागवत कथा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कालानी नगर में रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक भागवत कथा का रसपान शिव रतन महाराज के श्रीमुख से कराया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान भी कर रहे हैं और व्यासपीठ का पूजन भी किया जा रहा है। नारायणदास अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल ने उक्त जानकारी दी।

## यातायात नियम की समझाईश में हेलमेट लगाने की भी गुहार

### स्टीकर प्रदान किए और नियम वाले चालकों को फूल और चाकलेट दी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**





दस दिवसीय यातायात जागरूकता अभियान के तहत निरीक्षक सोनाली मौर्य, लक्ष्मी धारवे, उप निरीक्षक पहलवान सिंह नागर व यातायात टीम के द्वारा चाणक्यपुरी चौराहे पर यातायात नियम की समझाइश देते हुए हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया गया। उसके साथ बैठे हुए बच्चो को यातायात सम्बंधित स्टिकर्स व चॉकलेट दिए गए साथ पेरेंट्स को स्टिकर्स का मतलब बताकर स्टीकर भी दिए। यदि आप हेलमेट लगाएंगे तभी आपके बच्चे आपको देख कर यातायात नियम का पालन करेंगे। नियमो का पालन करने वाले चालको को फूल व चॉकलेट प्रदान की। पलसीकर चौराहे पर ए.एस. आई सुबोध शर्मा यातायात टीम द्वारा भी इसी तरह का अभियान चलाया गया।

## शनिवार को सर्वपितृ अमावस्या...शनिदेव को लगेगा खीर-पूरी का भोग

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शनिवार को शनि अमावस्या और सर्व पितृ अमावस्या का दुर्लभ योग बन रहा है।7 सालों बाद दोनों ही अमावस्या एक ही दिन आ रही है। महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज ने बताया कि उषानगर स्थित गजासीन शनिधाम में इस दिन पितरों की कृपा पाने के लिए तर्पण पिण्डदान और आहुतियां दी जाएगी। वहीं शाम को शनि अभिषेक, पूजन, जाप और दीपदान होगा। संध्या आरती के दौरान शनिदेव को खीर-पूरी का भोग लगाया जाएगा। दादू महाराज के अनुसार वर्तमान में कुम्भ, मीन और मेष राशि पर शनिदेव की साढ़ेसाती चल रही है, जबकि सिंह और धनु राशि पर ढैया का प्रभाव है। ऐसे में जो लोग पीड़ा महसूस कर रहे है वे अमावस्या पर शनि प्रसन्नता के लिए उपाय कर सकते है।

## पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में हार्टफुलनेस ध्यान सत्र



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में पुलिस महानिरीक्षक (भोपाल ग्रामीण) रूचिवर्धन मिश्र के मुख्य आतिथ्य और मार्गदर्शन में तथा पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह पीटीसी इंदौर के निर्देशन में प्रशिक्षु नव आरक्षकों एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हार्टफुलनेस ध्यान का सामूहिक सत्र आयोजित किया गया। इस ध्यान सत्र कार्यक्रम में प्रशिक्षणरत करीब 1135 नव आरक्षक प्रशिक्षु एवं पीटीसी के अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए।

# अग्रवाल समाज पूर्व क्षेत्र की कलश यात्रा निकलेगी

## महालक्ष्मी की पालकी, सांस्कृतिक संध्या के लिए हुई बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अग्रवाल समाज पूर्व क्षेत्र के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन की जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार 10 अक्टूबर को नंदानगर मेन रोड स्थित सांईनाथ मंदिर से निकलने वाली कलश यात्रा की व्यापक तैयारियां चल रही हैं। मालवा मिल अग्रवाल पंचायत भवन पर बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक में पूर्वी क्षेत्र की 70 से अधिक कॉलोनियों के समाज बंधुओं ने शामिल होकर यात्रा की भव्यता, महालक्ष्मी की पालकी, सांस्कृतिक संध्या एवं महिलाओं तथा बच्चों के लिए होने वाली स्पर्धाओं को अंतिम रूप दिया। बठक में पी.डी. अग्रवाल कांट्रेक्टर, संयोजक गणेश गोयल, अजय गोयल, गोविंद गर्ग भमोरी, नरेश मित्तल, विजय मित्तल, राजेंद्र अग्रवाल, गोविन्द मंगल, प्रमोद गर्ग, अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, नितेश बंसल, केके गोयल, मोहन अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, विनोद बंसल, मनोहर अग्रवाल, संजय पटाखा वाले, विजित अग्रवाल, नरेश मित्तल सहित अन्य ने अपने-अपने विचार प्रकट किए और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी की।

# अग्र मंच करेगा प्रभातफेरियों का स्वागत

## अग्रवंश का भगवा झण्डा एवं 5 दीपक लगाने की अपील

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था अग्र मंच ने 11 अक्टूबर अग्रसेन जयंती पर रविवार की सुबह निकलने वाली प्रभातफेरियों का स्वागत रखा है। संस्था द्वारा सुबह 9 बजे से अग्रसेन प्रतिमा पर वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान, पूजन, आरती का आयोजन भी रखा है। अग्र मंच ने अपील की है कि अग्रवाल परिवार घर-घर में अग्रवंश का भगवा झण्डा एवं 5 दीपक अग्रसेन जंयती पर जरूर लगाए। आशीष गोयल ने उक्त जानकारी दी।



# राही की कृति का लोकार्पण हुआ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। साहित्यकार रमेश जैन राही की प्रथम कृति अंतस दर्पण काव्य संग्रह का लोकार्पण किया गया। रमेश जैन राही, हरेराम वाजपेयी, प्रभु त्रिवेदी, नरोत्तम माहेश्वरी, निहारिका निहार, संतोष मोहंती, शैलेन्द्र शुक्ला, द्रोणाचार्य दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

# मठ पर सुबह तर्पण, दोपहर में भागवत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



हंसदास मठ पर संतों के सानिध्य में सुबह तर्पण अनुष्ठान और दोपहर में पितृ मोक्ष भागवत का आयोजन पुष्पानंद तिवारी के श्रीमुख से किया जा रहा है। कथा का आयोजन श्रद्धा सुमन सेवा समिति की मेजबानी में हो रहा है। हरि अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी, शंकरलाल वर्मा, महेंद्र विजयवर्गीय, श्रीधर खंडेलवाल, विनय जैन, उमेश गहलोत, आशीष जैन, राजकुमारी मिश्रा, सीमा सेन, गीता शर्मा, मंजू सोनी सहित अन्य मौजूद थे। वहीं रामचरणदास महाराज का सम्मान भी किया गया। आज शाम 6 बजे स्कीम 71 स्थित मूकबधिर विद्यालय पर दिव्यांग बच्चों के लिए भोजन सेवा होगी।

# श्री गेंदेश्वर महादेव मंदिर में तर्पण की सुविधा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्राद्ध पक्ष के पावन अवसर पर परदेशीपुरा स्थित ग़ेंदेश्वर महादेव मंदिर (शिवधाम) में शहर के श्रद्धालुओ के लिए तर्पण का आयोजन किया जा रहा है। यहाँ श्राद्ध पक्ष में प्रतिदिन धार्मिक विधि विधान से तर्पण का आयोजन पंडित कमलेश दीक्षित के मार्ग दर्शन में संपन्न कराया जा रहा है।राजेश विजयवर्गीय, मधुसूदन तिवारी, संजय सक्सेना, दिलीप बड़ोले, श्रीकृष्ण जोशी, विजय पांडेय,ओमप्रकाश सोलंकी, आलोक व्यास, राजकुमार यादव आयोजन से जुड़े है।



# शिविर में 205 लोगों की आंखों की जांच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय, आरोग्य भारती संस्था समिति के संयुक्त तत्वाधान मे स्कूल शांति नगर छोटा बांगड़दा पर नेत्र शिविर में 205 मरीजों ने लाभ लिया, 21 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन चोईथराम हॉस्पिटल में निःशुल्क होंगे, जरूरतमंद को 93 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।

# बाबल सांई मंदिर में नवरात्रि महोत्सव मनेगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी के सचिव अनिल आगा ने बताया कि 11 अक्टूबर रविवार से नवरात्रि पर श्री बाबल साईं मन्दिर पर नवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। महाराष्ट्र स्थित वाणी शहर में विराजित माता सप्तशृंगी देवी की प्रतिकृति बनाई जायेगी, जिसे हुबहू मन्दिर में स्थापित विग्रह माता सप्तशृंगी के रूप में ही बनाया जायेगा, बंगाल के प्रसिद्ध कलाकारो द्वारा ही प्रतिमा का निर्माण और श्रृंगार भी किया जा रहा है। हर दिन माँ का अलग अलग रूपों में श्रृंगार कर अलग अलग रूप देकर उन पर चढ़ने वाली वस्तुओ का ही भोग और पूजन अर्पित किया जाएगा। पूर्व में यहाँ पर नलखेड़ा स्थित माँ बगलामुखी माता,उज्जैन में स्थित माता हरसिद्धि,गढ़ कालिका माता और मैहर की शारदा भवानी माता, पिछले वर्ष कोल्हापुर निवासिनी अंबाबाई माता महालक्ष्मी की प्रतिकृति बनाई गई थी,



# अलनूर हास्पिटल में चिकित्सा सेवाएं शुरू

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अलनूर चैरिटेबल हॉस्पिटल मुकेरीपुरा में एक बार फिर से चिकित्सा सेवाएं शुरू कर दी गई है। सस्ता और निशुल्क दोनों तरह का इलाज करने में चिकित्सक सेवाएं दे रहे है। आशादीप सेवा प्रकल्प की जानीब से कल स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। डॉ. शमीम अहमद, डॉ. अब्दुल सत्तार, डॉ. शकील अहमद, अनवर देहलवी, युसूफ कप्तान, इलियास ठेकेदार, नौशाद पाटिल, शाहिद साबरी, हुसैन पहलवान, अलीम बाबा मौजूद रहे।

# नंदबाग में तर्पण अनुष्ठान का आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। निर्भय यादव ने अपनी माता गुड्डो देवी यादव की स्मृति में तर्पण अनुष्ठान का आयोजन जितेन्द्र शास्त्री के मार्गदर्शन में नंदबाग में गली नं. 9 में किया गया। कल सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे आयोजन चला। श्रद्धालुओं ने शिरकत की। निर्भय यादव, दीपू यादव सुन्ना, अमन यादव, नरेश यादव, शंभू यादव, अंशु यादव, अंकित सोनी, विक्की यादव, बॉबी यादव, सोनू यादव, विजय पवार, विजय यादव, दीपक यादव, अमन यादव, मनीष गुप्ता, आर.के. यादव, अमित दुबे, जुगनू, गोविंद सिसोदिया, कैलाश साहू, संतोष परमार, दीक्षा गौड़ सहित अन्य मौजूद थे।



# मथुरा चौरासी आयोजन को लेकर बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी द्वारा 21-22 अक्टूबर को मथुरा चौरासी में बड़े पैमाने पर संस्था के गौरवशाली 125 वर्ष पूर्ण होने पर शतकोत्तर रजत वर्ष मनाया जायेगा। जैनेश झांझरी, राजीव जैन, डीके जैन, जवाहरलाल जैन, मीनू जैन, राजकुमार घाटे, संजीव जैन व एजेंसियों की चर्चा हुई।

# माहेश्वरी समाज की आज कार्यकारी मंडल बैठक और सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के अध्यक्ष ईश्वर बाहेती और मंत्री संजय मानधन्या ने बताया कि आज 5 अक्टूबर सोमवार की शाम 6 बजे से संयोगितागंज छावनी माहेश्वरी मांगलिक भवन पर समाज की कार्यकारी मंडल और विशेष आमंत्रित सदस्यों की बैठक होगी और सम्मान का आयोजन भी किया जाएगा। महासभा से लेकर प्रादेशिक सभा और महिला संगठन में विजयी पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा भी होगी।

# डाक तार संस्था का सम्मान



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पुरानी सहकारी संस्थाओं में चयनित 38 सहकारी संस्थाओं में हमारी डाक तार संस्था को सहकार भारती के राष्ट्रीय महामंत्री गजेन्द्र गौतम को सम्मानित किया गया। आरएस होरा और संचालक मंडल को बीएसएनएल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने बधाई दी है।

# सोशल मीडिया पर गरमाया व्यावसायिक गरबा का मुद्दा

## धार में गोकुल रास महोत्सव से जुड़े कोरियोग्राफर प्रयास गोधा के पोस्टर पर बवाल, गोधा ने बताया साजिश, पुलिस जांच शुरू

**धार ● सिटी ब्लास्ट**
**प्रतिनिधि नितिन राठौर**

शारदीय नवरात्रि पर्व के आगमन के साथ ही धार जिले में गरबा आयोजनों को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। इस वर्ष व्यावसायिक और शुल्क आधारित गरबा आयोजनों को लेकर स्थानीय नागरिकों और विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संगठनों ने कड़ा रुख अपना लिया है। शहर की धर्मप्रेमी जनता इन व्यावसायिक आयोजनों के खिलाफ पूरी तरह से लामबंद हो चुकी है, और जिला प्रशासन से इन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है। सर्व हिंदू समाज और विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने सोशल मीडिया पर इस मांग को लेकर एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। संगठनों का स्पष्ट कहना है कि नवरात्रि मां शक्ति की भक्ति और उपासना का पावन पर्व है, जिसे किसी भी स्थिति में व्यावसायिक बाजार या मनोरंजन का साधन नहीं बनने दिया जाएगा, वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गरबा मूल रूप से मां शक्ति की आराधना का एक पवित्र और सांस्कृतिक माध्यम है, लेकिन कुछ आयोजकों द्वारा इसे पूरी तरह से व्यावसायिक स्वरूप दे दिया गया है। सोशल मिडिया के माध्यम से ध्यान दिलाया कि पिछले वर्ष भी डांडिया रास महोत्सव के आयोजन स्थल के बाहर दो गुटों में भारी विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी, जिससे सामाजिक सौहार्द पर असर पड़ा था।

### प्रशासन से लगाई नगर के नागरिकों ने प्रतिबंध की गुहार

इस तरह के आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था में चूक और असामाजिक तत्वों की मौजूदगी को लेकर आम जनता में काफी नाराजगी है। सूत्रों से मिली जानकारी की माने तो आगामी मंगलवार को सकल हिंदू समाज और विभिन्न सामाजिक और हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि इस संबंध में जिला कलेक्टर और पुलिस प्रशासन को एक सामूहिक ज्ञापन सौंपेंगे।

### गोकुल रास गरबा महोत्सव के विवादित पोस्टर पर आक्रोश

*शहर में आयोजित होने वाले आगामी गोकुल रास गरबा महोत्सव को लेकर सोशल मीडिया पर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। महोत्सव के कोरियोग्राफर प्रयास गोधा नाम से प्रचारित हो रहे एक पोस्टर में बहन-बेटियों को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। पोस्टर वायरल होते ही स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। लोगों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन से तत्काल सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मामला तूल पकड़ते ही इस आयोजन से जुड़े कोरियोग्राफर प्रयास गोधा सामने आए हैं, उन्होंने वायरल हो रहे पोस्टर को पूरी तरह से फर्जी और एडिटेड करार दिया है। प्रयास गोधा का कहना है कि यह उनकी छवि को धूमिल करने और महोत्सव में व्यवधान डालने के लिए किसी शरारती तत्व द्वारा रची गई एक सोची-समझी साजिश है। इस संबंध में कोरियोग्राफर प्रयास गोधा ने पुलिस प्रशासन को लिखित आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आवेदन मिलने के बाद मामले की सत्यता और पोस्टर के मूल स्रोत का पता लगाने के लिए प्रयास गोधा को पूछताछ हेतु थाने बुलवाया गया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से सोशल मीडिया पर पोस्टर वायरल करने वाले मूल अकाउंट्स की जांच कर रही है।*



### तीसरी मंजिल पर आधुनिक लायब्रेरी और ब्लॉक ए में तैयार होगा नया क्लिनिक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एमजीएम मेडिकल डेंटल कॉलेज के अंतर्गत एमवाय हॉस्पिटल रोड पर स्थित शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के अंतर्गत ब्लॉक ए की तीसरी मंजिल पर यूजी और पीजी छात्र-छात्राओं के लिए इसी साल आने वाले दिनों में बेहद जल्द 3 करोड़ रुपयों से ज्यादा की लागत से एक साथ कई विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। जिसके तहत पीजी और यूजी की पढ़ाई करने वाले एमजीएम के छात्र-छात्राओं के लिए ब्लॉक ए में तीसरी मंजिल पर एक नवीन आधुनिक सुविधाओं वाले क्लिनिक और ब्लॉक बी में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए तीसरी मंजिल पर भव्य आधुनिक ई लायब्रेरी का निर्माण कर छात्रों को नई सौगात देने की तैयारी अब शुरू हो गई है।

# 8.50 करोड़ की लागत से तैयार फूड लैब क्या अब दिवाली से पहले होगी शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पिछले साल अक्टूबर से तैयार साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा की लागत से देवास नाका के पास तलावली चांदा क्षेत्र में बनी प्रदेश की तीसरी आधुनिक फूड एंड ड्रग लैब में सालभर बाद भी सेम्पलों की जांच शुरू नहीं हो पाई। जबकि प्रदेश की आर्थिक राजधानी और खानपान के लिए देशभर में पहचान रखने वाले इंदौर को मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए शासन द्वारा यहां लगभग चार साल से भी ज्यादा समय में अत्याधुनिक फूड एंड ड्रग लैब का निर्माण किया गया था, लेकिन बावजूद अभी तक जांच शुरू नहीं की गई।

गौरतलब है कि पिछले साल मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने खुद अक्टूबर 2025 में 8.50 करोड़ रुपये की लागत से तलावली चांदा स्थित नवीन लैब का लोकार्पण किया था, लेकिन अब हालत यह है कि सालभर बीत जाने के बाद भी सैंपल जांच शुरू नहीं हो सकी है। इधर इसी माह 11 अक्टूबर से नवरात्रि ओर फिर अगले माह दीपावली शुरू हो रही है। जिसमें हजारों क्विंटल की बड़ी तादात में मिठाई की खपत होगी। ऐसे में अभी भी यहां से खाद्य सेम्पल जांच के लिए भोपाल भेजने पड़ रहें है।

बड़ी बात यह है कि देवास नाका क्षेत्र में तैयार आधुनिक बहु मंजिला भवन में नवीन लैब में अत्याधुनिक उपकरण भी स्थापित हो चुकें है और आठ सदस्यीय स्टाफ भी तैनात कर दिया गया है। इसके बावजूद एनएबीएल (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज) का प्रमाणपत्र नहीं मिलने के कारण प्रयोगशाला संचालन शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण इंदौर और आसपास के जिलों से लिए जा रहे खाद्य एवं औषधि नमूनों को जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

### मिलावट के मामले लगातार आ रहे सामने

जबकि शहर में लगातार खान पान के पदार्थों में मिलावट के मामले रोजाना सामने आ रहे है। आटा, तेल, घी,दूध, दही से बने उत्पाद के साथ अन्य सामग्री में लगातार मिलावट के मामले सामने आ रहे है।जबकि पिछले साल लोकार्पण के दौरान जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने लैब को मिलावट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई का मजबूत हथियार बताया था। यही नहीं दावें भी किए जा रहे थे, कि इससे जांच प्रक्रिया तेज होगी, और दोषियों के खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी, लेकिन हकीकत में अभी आम लोगों को इसका कोई खास लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं वर्तमान में इंदौर में मिलावट के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। यहां तेल ,मसाले, दूध, घी और अन्य खाद्य सामग्री आइसक्रीम सहित अन्य खान पान की चीज़ों में मिलावट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

**14 दिन की धारा, महीनों तक नहीं आती रिपोर्ट–** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए जाने वाले खाद्य पदार्थ के सैंपलों की रिपोर्ट भोपाल से आने में कई बार महीनों का समय लग जाता है। इस देरी का सीधा फायदा मिलावटखोरों को मिलता है। रक्षाबंधन, दीपावली जैसे बड़े त्योहारों में मिठाइयां खप जाती हैं, लेकिन रिपोर्ट ही नहीं आ पाती है। लैब शुरू होने का सबसे बड़ा फायदा ही यहीं मिलेगा कि रिपोर्ट जल्दी आ सकेगी। वहीं अब खाद्य आधिकारी दीपावली से पहले जल्द लैब शुरू करवाने का दावा कर रहें है, लेकिन दावों का क्या दावे हकीकत बन पाएंगे, ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# एमआर-12 निर्माण प्रक्रिया की धीमी रफ्तार पर उठ रहे सवाल

### आईडीए का 100 प्लॉट शासन को देने का निर्णय वापस,क्या अब मिलेगी पुनर्वास प्रक्रिया को रफ्तार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंहस्थ 2028 की धीमी तैयारियों के बीच इंदौर की सबसे महत्वपूर्ण सड़क परियोजना एमआर-12 को लेकर पिछले दिनों आईडीए की बैठक में एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय सामने आया था। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य के 100 प्लॉट शासन को देने का अपना पूर्व निर्णय वापस ले लिया है। साथ ही अब इन प्लॉटों का उपयोग प्राधिकरण अपनी विकास योजनाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए करेगा। वहीं बड़ी बात यह है कि आईडीए के इस फैसले को केवल प्लॉटों का निर्णय मानकर नहीं देखा जा रहा, बल्कि इसे सिंहस्थ की महत्वपूर्ण योजनाओं एमआर-12 ओर एमआर-11 और अन्य महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**क्या अब तेज होगी एमआर-12 निर्माण कार्य की राह?–**गौरतलब है कि एमआर -12 परियोजना लंबे समय से भूमि संबंधी बाधाओं, पुनर्वास और तकनीकी प्रक्रियाओं की धीमी रफ्तार के कारण चर्चा में रही है। दरसअल पहले प्राधिकरण द्वारा बाधक परिवारों के सर्वे, रेलवे फ्लाईओवर के नए डिजाइन और कान्ह नदी पर पुल निर्माण जैसी प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया जा चुका है। साथ ही अब 100 प्लॉट अपने पास रखने के निर्णय से यह संभावना मजबूत हुई है कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और परियोजना प्रबंधन के लिए आईडीए के पास अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे, जिससे परियोजना की गति बढ़ सकती है।





**जनता की भी उम्मीदें बढ़ीं-** इंदौर शहर के लोगों का कहना है कि एमआर-12 केवल एक सड़क नहीं, बल्कि सिंहस्थ 2028 की लाइफलाइन है। यदि यह समय पर पूरी होती है तो लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम होगी और शहर में ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा।

**इधर,उठ रहे लोगों के सवालः 850 बाधक परिवारों का सर्वे कब होगा पूरा?**

**पुनर्वास की प्रक्रिया कब शुरू होगी?-** कान्ह नदी पुल और मुख्य सड़क का निर्माण किस समय-सीमा में पूरा होगा?

**क्या दिसंबर 2027 तक एमआर-12 पूरी तरह तैयार हो जाएगी?-** पारदर्शिता की उठ रही मांग

शहर के लोगों का मानना है कि इतनी महत्वपूर्ण परियोजना पर हर महीने सार्वजनिक प्रगति रिपोर्ट जारी की जानी चाहिए, ताकि लोगों को पता चलता रहे कि कार्य किस चरण में है और लक्ष्य के अनुसार प्रगति हो रही है या नहीं। वहीं बड़ी बात यह है कि एमआर-12 केवल इंदौर की सड़क परियोजना नहीं, बल्कि सिंहस्थ 2028 की सफलता से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचा है। वहीं इस योजना में हाल के निर्णय सकारात्मक संकेत देते हैं, लेकिन अब सबसे महत्वपूर्ण बात यह होगी कि प्रशासनिक निर्णय ज़मीन पर कितनी तेजी से दिखाई देते हैं। जनता की अपेक्षा है कि पुनर्वास, निर्माण और सभी तकनीकी प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हों, ताकि सिंहस्थ से पहले यह बहुप्रतीक्षित परियोजना वास्तव में साकार हो सके।

## संपादकीय

# सभी भाषाओं के सम्मान से ही मजबूत होगी भाषाई एकता

कायदे से भाषाओं के बीच प्रतिस्पर्धा के बजाय सह-अस्तित्व और परस्पर सम्मान की भावना होनी चाहिए, लेकिन ऐसा लगता है कि भाषा को लेकर मतभेद लोकमत से ज्यादा एक राजनीतिक औजार बन गया है। भारत विविधताओं का देश है और यहां अलग-अलग भाषाएं एवं संस्कृतियां क्षेत्रीय विशेषताओं तथा ऐतिहासिकता को रेखांकित करती हैं। भाषा के विभिन्न स्वरूप केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पहचान, परंपरा और भावनाओं से भी जुड़े हुए हैं। मगर सवाल है कि क्या किसी एक भाषा के संरक्षण और विकास के लिए दूसरी भाषा का विरोध करना या किसी पूर्वाग्रह के आधार पर उसे उपयोगिता के तराजू में तौलना उचित है? तमिलनाडु में एक राजमार्ग के साइनबोर्ड पर शहरों के नाम तमिल और अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी लिखे जाने के कारण दो अधिकारियों को निलंबित कर देने की घटना ने देश की विविध भाषाओं की सर्वत्र स्वीकार्यता को लेकर लंबे समय से चली आ रही बहस को फिर तेज कर दिया है। कायदे से भाषाओं के बीच प्रतिस्पर्धा के बजाय सह-अस्तित्व और परस्पर सम्मान की भावना होनी चाहिए, लेकिन ऐसा लगता है कि भाषा को लेकर मतभेद लोकमत से ज्यादा एक राजनीतिक औजार बन गया है। यह सच है कि कुछ राज्यों में हिंदी को लेकर आशंकाएं रही हैं। विशेषकर दक्षिण भारत में हिंदी को अनिवार्य बनाने के विचारों का विरोध भाषाई पहचान और क्षेत्रीय स्वायत्तता से जुड़ा मसला हो सकता है और इन चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी भाषा को शिक्षा, रोजगार या प्रशासन में जबरन थोपने के बजाय क्षेत्र के लोगों की सहमति और सुविधा को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए। मगर क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने का अर्थ हिंदी का विरोध करना नहीं होना चाहिए। कोई एक भाषा किसी दूसरी भाषा के अस्तित्व के लिए खतरा कैसे हो सकती है! प्रत्येक भाषा अपने समाज की ऐतिहासिक स्मृतियों, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है। इसलिए किसी एक भाषा को दूसरी भाषा के मुकाबले खड़ा करना भाषाई सद्भाव को कमजोर करता है। ऐसे में तमिलनाडु की आधिकारिक दो-भाषा नीति पर भी सवाल खड़े होते हैं, जिसमें सिर्फ तमिल और अंग्रेजी को शामिल किया गया है। क्या यह नीति वहां रह रहे हिंदी भाषी लोगों के साथ भेदभाव नहीं करती है?

# मिंत्रा और बजाज फायनेंस का कर्मचारी बन युवक से ठगी

## 1 लाख के लोन का झांसा देकर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ऐंठे रुपये

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवक को नामी फाइनेंस कंपनी और आनलाइन शापिंग प्लेटफार्म का कर्मचारी बताकर ठगी करने के दो अलग-अलग मामले सामने आए है। जालसाज ने पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए व्हाट्सएप पर कंपनी का फर्जी आईडी कार्ड भी भेजा और फिर प्रोसेसिंग फीस के बहाने क्यूआर कोड स्कैन करवाकर 25 हजार से अधिक रुपये ऐंठ लिए। दूसरे मामले में मिंत्रा कम्पनी का कर्मचारी बन युवक ने टेलीग्राम ग्रुप से जोडा और लालच देकर रुपये एंठ लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली, जिसके बाद बाणगंगा थाना पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात शातिर के खिलाफ दो प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, अहिल्या आश्रम निवासी हरिश्चंद्र पिता नरेश बरेठा ने बाणगंगा थाने में उपस्थित होकर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। फरियादी हरिश्चंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बजाज फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताया और कहा कि उनका 1,00,000 रुपये का लोन स्वीकृत हो गया है। फरियादी को जब थोड़ा संदेह हुआ, तो आरोपी ने अपना भरोसा कायम करने के लिए व्हाट्सएप पर एक फर्जी पहचान पत्र भी भेज दिया, जिससे फरियादी उसके झांसे में आ गया। इसके बाद शातिर ठग ने लोन प्रक्रिया पूरी करने और प्रोसेसिंग फीस जमा करने का झांसा देकर फरियादी के व्हाट्सएप पर अलग-अलग 7 क्यूआर कोड भेजे। फरियादी ने अपने फोनपे के जरिए एसबीआई खाते से उन क्यूआर कोड्स पर कुल 25,859 रुपये ट्रांसफर कर दिए। पैसे ट्रांसफर होने के काफी देर बाद भी जब लोन की राशि फरियादी के खाते में नहीं आई और आरोपी टालमटोल करने लगा, तब उसे साइबर फ्रॉड का अहसास हुआ। फरियादी ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर बाणगंगा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला कायम कर प्रयुक्त मोबाइल नंबर और बैंक खातों के आधार पर पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं पुलिस के अनुसार, राजाबाग कॉलोनी निवासी विनोद पिता किशोर हल्दे ने बाणगंगा थाने पहुंचकर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी विनोद ने बताया कि उनके पास एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को प्रसिद्ध ई-कॉमर्स कंपनी मिंत्रा का कर्मचारी बताया। इसके बाद आरोपी ने उन्हें 'मिंत्रा ई-कॉमर्स वर्किंग' नाम के एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया। ग्रुप में दिए गए निर्देशों और टास्क को पूरा करने के बहाने जालसाजों ने फरियादी से एक यूपीआई आईडी पर कई बार में कुल 29,202 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। शुरुआत में भरोसा कायम करने के लिए ठगों ने केवल 578 रुपये रिफंड के रूप में वापस किए, लेकिन बाकी बची शेष राशि नहीं लौटाई। जब फरियादी ने अपने रुपये वापस मांगे, तो आरोपियों ने ग्रुप के माध्यम से 60,000 रुपये अतिरिक्त जमा करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। ठगी का शिकार होने पर फरियादी ने पुलिस से संपर्क किया।

## मॉडिफाइड साइलेंसर पर कार्रवाई



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यातायात पुलिस ने बिना लाइसेंस वाहन चलाने और यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई की। चालानी राशि जमा नहीं करने पर वाहन भी जब्त किए। यातायात निरीक्षक राजू सांवले गुरुद्वारा चौराहा पर यातायात प्रबंधन का कार्य कर रहे थे। इस दौरान एक दोपहिया वाहन से तेज एवं कर्कश आवाज सुनाई दी। यातायात टीम द्वारा तत्काल वाहन को रोककर जांच की गई। मोडिफाइड साइलेंसर सहित अन्य उल्लंघन पाए गए, जिस पर राजू सावले ने 4 हजार 500 रु. की चालानी कार्रवाई की। राशि जमा नहीं करने पर वाहन जब्त किया गया।

# टक्कर लगने की मामूली बात पर कर दिया जानलेवा हमला

## युवक के सिर पर मारा पत्थर

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र के जाम बगीचा इलाके में बीती रात मामूली बात को लेकर दो युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। दौड़कर आ रहे आरोपी ने टक्कर लगने की बात पर फरियादी के सिर पर पत्थर मार दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। आजाद नगर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी अब्दुल रेहान पिता अब्दुल आशिक, निवासी जाम बगीचा, आजाद नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि बीती रात करीब 11:30 बजे वह इलाके में मौजूद था, तभी आरोपी अल्फेज दौड़ता हुआ आ रहा था और उससे टकरा गया। टक्कर होने पर अल्फेज गाली-गलौज करने लगा। जब रेहान ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी अल्फेज ने हाथ में लिया पत्थर रेहान के सिर पर दे मारा, जिससे सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। इसी दौरान आरोपी माज भी वहाँ पहुँच गया और उसने भी फरियादी के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी भाग निकले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# पुरानी रंजिश में हिंसक झड़प...सरिये-लाठी से हमला

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम रणमल बिल्लौद में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। गांव के ही दबंगों ने एक महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसके और बीच-बचाव करने आए उसके माता-पिता पर लाठी और लोहे के सरियों से हमला कर दिया। इस हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित महिला की शिकायत पर बेटमा थाना पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम रणमल बिल्लौद निवासी विनिता पति विजय सोलंकी ने बेटमा थाने में उपस्थित होकर केस दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि उसके परिवार का गांव के ही विजय सोलंकी, नीलेश सोलंकी, राजा सोलंकी और सुमित सभी निवासी रणमल बिल्लौद के साथ पुराना विवाद चला आ रहा है। घटना के दिन आरोपियों ने रंजिश के चलते रास्ते में पीड़िता को घेर लिया और अकारण गाली-गलौज करने लगे। जब महिला ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर जब पीड़िता के पिता कालू सिंह और मां बबीता उसे बचाने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी लोहे की रॉड और लाठियों से हमला बोल दिया। हमले में कालू सिंह के सिर व पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि मां बबीता का चेहरा और हाथ लहूलुहान हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। बेटमा थाना पुलिस ने सभी घायलों को इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचाया है तथा आरोपी विजय, नीलेश, राजा और सुमित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 148500 | 149050 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 226000 | 226100 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# इंस्टाग्राम फ्रैण्ड ने किया शादी से इंकार और दी फोटो वायरल करने की धमकी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**लसूडिया थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर महिला को ब्लैकमेल करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद जब महिला को आरोपी की सच्चाई और उसकी नशाखोरी का पता चला तो उसने शादी से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद से आरोपी लगातार महिला पर शादी का दबाव बनाने लगा और बात न करने पर निजी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकियां देकर प्रताड़ित करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर लसूडिया थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, लसूडिया क्षेत्र की रहने वाली 38 वर्षीय पीड़िता ने थाने में उपस्थित होकर आपबीती दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि वह पिछले तीन सालों से अपने पति से अलग रह रही है। कुछ समय पूर्व उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से योगेश राजपूत निवासी हाटपिपल्या, जिला देवास से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी योगेश ने उसे शादी के लिए प्रस्ताव दिया था। पीड़िता को लगा कि योगेश उसके ही समाज का है और विवाह के बाद वह खुशहाल जीवन बिता सकेगी, इसलिए उसने शुरुआती सहमति जता दी थी। हालांकि, कुछ ही समय बाद पीड़िता को जानकारी मिली कि योगेश नशे का आदी है और उसका आचरण ठीक नहीं है। असलियत सामने आते ही पीड़िता ने आरोपी से दूरी बना ली और शादी करने से स्पष्ट इंकार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी योगेश राजपूत उस पर शादी के लिए बेजा दबाव बनाने लगा। आरोपी लगातार फोन कर अश्लील गालियां देने लगा और जबरन बातचीत करने का दबाव बनाने लगा। बात न करने पर आरोपी ने महिला को उसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर समाज में बदनाम करने तथा जान से मारने की धमकियां देना शुरू कर दिया। लगातार मिल रही धमकियों और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली। लसूडिया थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी योगेश राजपूत के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर इंदौर में आयोजित किया गया।




बाल रंग प्रतियोगिता अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अलग अलग कक्ष में बैठक व्यवस्था की गई। बाल रंग महोत्सव में प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे विद्यार्थियों को नोडल अधिकारी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से जुडे अनिता चौहान, शौर्य मल्होत्रा, किरणबाला चौहान, पूजा सक्सेना, केसरसिंह डावर, रीना नपावलिया जैन, दिनेश परमार, कल्पना जैन, अनिता पांडे, धीरज खनूजा, शैलेश जैन, सुधीर तारे, अनिता पांडे, गौरव पांडे, ललित पारिख, कल्पना अग्निहोत्री, कीर्ति गुरु, चेतना माथुर, सुमंत शर्मा, नीरज शर्मा रश्मि, डॉ. बाहुबली जैन, गार्गी अग्रवाल, निखत पठान, सुधीर तारे, शीतल बनोधा, शुभदा बोरगांवकर, जगदीश जोशी, मुकेश पंवार, रिंकू शर्मा, दीपिका बागोरा, आरती राठौर, सोनाली पाटीदार, रीता यादव, हर्षिता सिंह, मंजुला शर्मा, देवकी सिंह, कैलाश पांजरे, रश्मि खांडाल, वंदना प्रजापति, आयुषी तिवारी, नम्रता शर्मा, डॉ. आकांक्षा जैन, समरीन नाज मौजूद थे।



# भागवत के पहले शोभायात्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्कूल प्रांगण श्याम नगर से भागवत की शोभायात्रा निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए और भगवान कृष्ण के जयकारे भी लगे। भागवत कथा का शुभारंभ भी हुआ। दिनेश जोशी, अभिषेक चौकसे, हेमेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कथा रोजाना दोपहर 2 से शाम 5 बजे 10 अक्टूबर तक आयोजित होगी। समापन पर हवन और महाप्रसादी का आयोजन भी होगा।

# वैभव को सही समय पर मिलेगा मौका: श्रेयस

नई दिल्ली। भारतीय टीम के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर का मानना है कि 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी में भारतीय क्रिकेट में बड़ा असर डालने का स्वभाव और काबिलियत है, लेकिन उन्होंने कहा कि इस युवा खिलाड़ी के विकास को सिर्फ मैदान पर उनके प्रदर्शन तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज से पहले अय्यर ने कहा कि उन्होंने जान-बूझकर इस युवा खिलाड़ी के साथ क्रिकेट से हटकर जिंदगी के बारे में बात करके एक निजी रिश्ता बनाने की कोशिश की है।

अगले टी20 विश्व कप की तैयारी शुरू होने के साथ ही सूर्यवंशी भारतीय टीम का हिस्सा बने हुए हैं, लेकिन अय्यर ने संकेत दिया कि इस युवा खिलाड़ी को बड़ी भूमिका देने में जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। कप्तान ने भारत के स्थापित वर्ल्ड कप विजेता सलामी बल्लेबाज की मौजूदगी का जिक्र करते हुए कहा कि सूर्यवंशी को मौका सही समय आने पर मिलेगा।

अय्यर ने कहा, मैं वैभव से मैदान के बाहर की चीजों के बारे में बात करता रहता हूं, क्योंकि हर कोई उनसे क्रिकेट के बारे में ही बात करता है, और हम जानते हैं कि वह एक खिलाड़ी के तौर पर कितना प्रतिभाशाली और काबिल हैं। इसी वजह से बस उनके बाहर के लाइफस्टाइल, उनके परिवार, वह क्या करता हैं और क्या नहीं, इन चीजों के बारे में बात करने से वह ज्यादा उत्साहित होते हैं, क्योंकि इन विषयों पर बात करते समय वह अधिक सहज और असली लगते हैं।




## विंडीज के खिलाफ सीरीज जीतना प्राथमिकता

*वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज की शुरुआत से पहले भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने प्रयोग करने से ज्यादा नतीजों पर ध्यान देने की बात कही है। उनका कहना है कि अलग-अलग संयोजन आजमाने से पहले सीरीज जीतना प्राथमिकता होगी। छह अक्तूबर को होने वाले ओपनिंग टी20 मुकाबले से पहले बात करते हुए अय्यर ने कहा कि सीरीज की शुरुआत में बहुत ज्यादा प्रयोग करने से खिलाड़ियों में अनिश्चितता पैदा हो सकती है और युवा टीम के लिए जरूरी आत्मविश्वास कम हो सकता है।*

# ये कैसी वर्ल्ड कप की तैयारी नए गेंदबाजों ने खूब लुटाए रन

नई दिल्ली। भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज के साथ टीम इंडिया ने 2027 विश्व कप की तैयारियों की शुरुआत की। अगला वनडे विश्व कप विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों का आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व कप का शेड्यूल भी जारी हो चुका है। इसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में हो रहा है। वहां की उछाल भरी पिचों पर जीत हासिल करने के लिए तेज गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन चिंता बढ़ाने वाला रहा।

इस सीरीज में सभी गेंदबाजों की जमकर पिटाई हुई, लेकिन भारतीय तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन इतना खराब रहा कि कई साल पुराने रिकॉर्ड टूट गए। वहीं, कुलदीप यादव ने शुरुआती 2 मुकाबलों में बहुत ही शानदार गेंदबाजी की। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों ने भी तीसरे वनडे में अपनी छाप छोड़ी। वहीं, भारतीय तेज गेंदबाज एक-एक कर शर्मनाक रिकॉर्ड बनाते रहे।

## आकिब नबी ने 51 साल में सबसे घटिया डेब्यू किया

सीरीज के दूसरे मैच में आकिब नबी ने अपने वनडे करियर की शुरुआत की। हालांकि, उन्होंने 8.5 ओवर में 84 रन खर्च कर दिए और कोई विकेट नहीं लिया। इस तरह वह पिछले 51 साल में भारत के लिए सबसे घटिया डेब्यू करने वाले गेंदबाज बन गए। इससे पहले करसन घावरी ने 1975 में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू वनडे में 83 रन दिए थे। अहम बात यह है कि उन्होंने 11 ओवर में इतने रन लुटाए थे, जबकि नबी ने सिर्फ 8.5 ओवर में 84 रन खर्च कर दिए। गुरनूर ब्रार को वनडे टीम में लगातार मौके दिए जा रहे हैं और इस सीरीज में उन्होंने बहुत ज्यादा निराश किया। तीन मैचों में उन्होंने 253 रन खर्च कर दिए और तीन वनडे की सीरीज में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बने। इस मामले में केविन ओ ब्रायन दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 2015 में तीन मैच की सीरीज में 246 रन दे दिए थे।

# स्टार्टअप प्रतियोगिता में युवाओं ने दिए समाधान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स आधारित अनूठी स्टार्टअप प्रतियोगिता में युवाओं ने दिए सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक चुनौतियों के नए समाधान। 50 से अधिक टीमों ने दिखाई 'बेहतर दुनिया' की तस्वीर, युवाओं के पास सिर्फ नए बिजनेस आइडिया ही नहीं, बल्कि समाज और दुनिया को बेहतर बनाने की सोच भी है। इसी सोच को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित धारा 2.0




– ई-समिट में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने अभिनव विचारों से भविष्य की नई तस्वीर पेश की।स्मित देसाई के मार्गदर्शन में ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा यंग इंडियंस (वाईआई) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में वैष्णव विद्यापीठ की टीम एमलॉक विजेता रही एडवांस अकादमी के प्रोजेक्ट को मिला 50 हजार रुपये का पुरस्कार। मनोज धनोतिया, सावन लड्डा, अंकुश गोयल, मोहित जैन, स्मित देसाई, डॉ. शिखा अग्रवाल, अभिमन्यू मिश्रा, यश गुप्ता, तरण भरुका ने अपनी भूमिका निभाई।

# वैभव, चैतन्य व अत्कर्ष खिताबी दौड़ में

## मध्य प्रदेश सीनियर चयन शतरंज स्पर्धा हुई रोचक

इंदौर। सातवें राउंड के बाद नरसिंहपुर के वैभव नेमा, जबलपुर के चैतन्य अवध एवं उत्कर्ष अग्रवाल 6.5 अंकों के साथ खिताबी दौड़ में है तो इंदौर की डब्ल्यूएफएम सेरा डागरिया, प्रकाश यादव, हितेश सिंह जरिया, अजय विरवानी, अनमोल चौहान एवं कविन कपूर सहित 9 अन्य खिलाड़ी दूसरे स्थान पर अभी भी कड़ी टक्कर दे रहे है ।

यूनाइट इंदौर चेस क्लब द्वारा, डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन इंदौर के सहयोग से एवं श्री वैष्णव स्पोर्ट्स एकेडमी की मेजबानी में आयोजित 1 लाख रुपए इनामी राशी की मध्य प्रदेश राज्य सीनियर फीडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप 2026 में सातवें राउंड के मुकाबलों के बाद शीर्ष स्थान के लिए संघर्ष बेहद रोमांचक हो गया है ।

सातवें राउंड की पहली टेबल पर नरसिंहपुर के वैभव नेमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंदौर की डब्ल्यूएफएम सेरा डागरिया को पराजित किया, दूसरी टेबल पर इंदौर के कियान पोरवाल को जबलपुर के एआईएम चैतन्य अवध के हाथों हार का सामना करना पड़ा तो तीसरी टेबल पर इंदौर के अजय विरवानी और उज्जैन के मृदुहास त्रिपाठी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा ।

चौथी टेबल पर इंदौर के हितेश जरिया और इंदौर के ही प्रकाश यादव के बीच भी मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ तो पांचवीं टेबल पर जबलपुर के उत्कर्ष अग्रवाल ने इंदौर के आरव माहेश्वरी को हराया । छठी टेबल पर ग्वालियर के प्रदीप मिश्रा को जबलपुर के कामद मिश्रा ने पराजित किया, जबकि सातवीं टेबल पर इंदौर के समर्थ रेड्डी श्यामसुंदर कोमुलवाड को ग्वालियर के एफएम सुनील राठौर ने हराया । ग्वालियर के ओम भटिजा ने इंदौर के दर्शिल अय्यर को हराया । नौवीं टेबल पर खंडवा के अक्षय सिंह तोमर ने भोपाल के सूरज चौधरी को मात दी और दसवीं टेबल पर इंदौर की अन्वेशा छजलानी का मैच आयुष मिश्रा के साथ ड्रॉ हुआ। प्रथम 4 विजेताओं को राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयन एवं अन्य कैटेगरी का पुरस्कार वितरण अंतिम आठवें राउंड के पश्चात वैष्णव ट्रस्ट एवं डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन इंदौर के पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा ।

# बॉक्सिंग में टॉप पर पहुंचा भारत 10 साल में लगाई बड़ी छलांग

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों के 3 गोल्ड समेत 6 मेडल जीते हैं। इस शानदार प्रदर्शन के बाद बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट अजय सिंह ने कहा कि 10 साल पहले भारत वर्ल्ड बॉक्सिंग में 44वें नंबर पर था और अब टॉप पर है। भारत ने 3 गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज समेत कुल छह मेडल जीते, जो एशियन गेम्स में भारत का अब तक का सबसे सफल अभियान रहा। एशियन गेम्स 2010 में भारत ने 2 गोल्ड मेडल जीते थे। इस बार लवलीना बोरगोहेन ने हांगझू 2023 में जीते अपने सिल्वर मेडल को गोल्ड में तब्दील किया। इसके साथ ही वह एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली मैरी कॉम के बाद दूसरी भारतीय महिला बॉक्सर बन गईं। मैरी कॉम ने यह उपलब्धि एशियन गेम्स 2014 में हासिल की थी।

अजय सिंह ने कहा, यह बहुत गर्व की बात है। भारत एशियन गेम्स में उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और चीन से आगे रहा, जिन्हें बॉक्सिंग में लीडिंग देश माना जाता है। टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। यह बहुत गर्व की बात



है।' ग्लासगो में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भी भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन दमदार रहा था और उन्होंने अपने अभियान का अंत 10 मेडल के साथ किया था, जिसमें रिकॉर्ड 7 गोल्ड मेडल शामिल रहे थे। किसी भी देश ने कॉमनवेल्थ गेम्स के एक ही संस्करण में बॉक्सिंग में इससे ज्यादा गोल्ड मेडल नहीं जीते हैं।

## 6 बॉक्सर ने जीते मेडल

बीएफआई प्रेसिडेंट ने कहा, 'भारत ने लगातार बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें लगता है कि अगर हम इसी तरह तैयारी करते रहे, तो हम निश्चित रूप से ओलंपिक में मेडल जीतेंगे। लगातार तैयारी चल रही है। 10 साल पहले, जब मैं बीएफआई का अध्यक्ष बना था, तब हम दुनिया में 44वें स्थान पर थे। आज, हम दुनिया में सबसे आगे हैं। इसी तरह तैयारी जारी रहेगी। हमें जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वास नहीं रखना चाहिए। हमें अपनी कमजोरियों पर काम करने की कोशिश करनी चाहिए।' एशियन गेम्स 2026 में लवलीना (75 किग्रा), परवीन हुड्डा (65 किग्रा) और अंकुश पंघाल (80 किग्रा) ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि कपिल पोखरिया (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (ऽ90 किग्रा) और प्रिया घांघस (60 किग्रा) ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए।

# एशियन गेम्स में दो खिलाड़ियों ने किया प्रभावित

## आईओए करेगा सम्मानित

**नई दिल्ली ।** युवा आर्चर कुमकुम मोहोद और पहलवान सुजीत कलकल को एशियन गेम्स 2026 का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया है। कुमकुम ने महिलाओं की कैटेगरी में सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए जसपाल राणा अवॉर्ड अपने नाम किया। वहीं, सुजीत कलकल को राजा रणधीर सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ये दोनों खिलाड़ी भारतीय ओलंपिक संघ के पहले 'जसपाल राणा पुरस्कार और राजा रणधीर सिंह पुरस्कार' के विजेता हैं।

आईओए ने एशियाई खेलों की सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ी को सम्मानित करने के लिए इन पुरस्कारों



की शुरुआत की है। इस साल की शुरुआत में भारतीय खेल जगत के दो दिग्गजों का निधन हो गया था और उनकी विरासत को सम्मान देने के लिए ये पुरस्कार शुरू किए गए हैं।

**कुमकुम ने जीते 3 मेडल–** सत्रह वर्षीय कुमकुम ने अपने पहले एशियाई खेलों में 3 पदक जीते जिनमें 2 स्वर्ण शामिल हैं। उन्होंने महिला रिकर्व तीरंदाजी में दक्षिण कोरिया के लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कुमकुम की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, 'कुमकुम का जसपाल राणा पुरस्कार की पहली विजेता बनना बिलकुल सही है क्योंकि जसपाल ने भी 1994 एशियाई खेलों में एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में अपने करियर की शानदार शुरुआत की थी। दबाव में कुमकुम का धैर्य और मुश्किल परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की क्षमता भारतीय तीरंदाजी के लिए बेहद उम्मीद जगाती है। भारत के तीरंदाज एक दशक से अधिक समय से सफलता के करीब पहुंच रहे थे और मुझे भरोसा है कि कुमकुम और उनकी रिकर्व टीम की साथियों के इस प्रदर्शन ने भारतीय तीरंदाजी के लिए लंबे समय से चली आ रही बाधा को तोड़ दिया है। पेरिस ओलंपिक में भारत इस खेल में अपना पहला पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचा था। मुझे पूरा विश्वास है कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक में यह आखिरी बाधा भी पार हो जाएगी।

**सालों तक होगी सुजीत की चर्चा–**पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले कलकल को पहले राजा रणधीर सिंह पुरस्कार के लिए चुना गया। कलकल के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए उषा ने कहा, कुश्ती भारत का खेल है और सुजीत के प्रदर्शन की चर्चा वर्षों तक होती रहेगी। स्वर्ण पदक का जश्न तो मनाया जाएगा।

## मप्र शिको काई कराते चैंपियनशिप में इंदौर जिला बना विजेता

**इंदौर।** 2 अक्टूबर को आयोजित मध्य प्रदेश शिको काई कराते चैंपियनशिप 2026 में प्रदेशभर से लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय इस कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ लोकेश येशी ने किया । इस अवसर पर जबलपुर से आए विक्रम पुरस्कार से सम्मानित गौरव सिंधिया, एशियन कराते के रेफरी विजय साहा एवं मधु ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि से भी पुरस्कृत किया गया, जिससे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान अतिथियों का स्वागत मयूर यादव, श्रेयस पाटिल, मनोज बजाज, राहुल जाट एवं विशाल वर्मा ने किया।

## आमंत्रण फुटबॉल स्पर्धा में इंदौर का स्कूल बना चैंपियन

**इंदौर।** लॉरेंस स्कूल सनावर में आयोजित 27वीं भूपिन्दर सिंह मेमोरियल ऑल इंडिया इंटर स्कूल आमंत्रण (अंडर-19) फुटबॉल प्रतियोगिता में एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। पहले लीग मैच में एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने लॉरेंस स्कूल (बी) टीम को 6-1 से पराजित किया। दूसरे लीग मैच में मान स्कूल, दिल्ली को 2-1 से हराया। तीसरे मैच में पाइनग्रोव स्कूल को 4-0 से पराजित कर एमरल्ड हाइट्स ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने मेजबान लॉरेंस स्कूल सनावर (ए) टीम को 5-1 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में एमरल्ड हाईट्स ने बिशप कॉटन स्कूल शिमला को 5-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# सिंगल कैरम टूर्नामेन्ट का आयोजन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** किंग कैरम क्लब द्वारा सिंगल केरम टूर्नामेंट साऊथ तोड़ा पर आयोजित किया गया, इसमें इंदौर शहर के 100 खिलाडियों ने भाग लिया इसमें प्रथम स्थान पर वसीम खान, दूसरे स्थान पर आमीन मंसूरी, तीसरे स्थान पर अकरम मंसूरी, चौथे स्थान पर अलाउद्दीन रहे, जिन्हें पुरस्कृत किया गया। युसूफ शेख, एमएस खान, मोहम्मद अकरम खान, मोहम्मद अकील खान, मोहम्मद शकील खान, मोहम्मद नफीस खान, मोहम्मद अरबाज खान मौजूद थे।

## शिवम गोल्ड लेकर लौटे तो खुशी से झूम उठीं पत्नी अंजुम

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय टीम के गोल्ड मेडल जीतने पर शिवम दुबे की पत्नी अंजुम खान बेहद खुश नजर आईं। उन्होंने शिवम दुबे और टीम इंडिया की फोटो शेयर करते हुए गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी और सभी खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। अंजुम खान ने इंस्टाग्राम पर भारतीय क्रिकेट टीम और शिवम दुबे के जश्न की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'माशाल्लाह, अल्हम्दुलिल्लाह, नसरुम-मिनल्लाही व फतहुन करीब। आमीन, सुम्मा आमीन।' ये अरबी के शब्द तारीफ और अल्लाह का शुक्र अदा करने के लिए इस्तेमाल होते हैं।

## अब कतर में मिलेंगे, एशियन गेम्स का रंगारंग समापन

**नई दिल्ली।** आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन समारोह समाप्त हो चुका है। नागोया में हो रहे इस समारोह के साथ 16 दिन तक चले एशियाई खेलों का आधिकारिक रूप से समापन हो गया। भारतीय दल की महिला ध्वजवाहक निशानेबाज नीरू ढांडा तिरंगा लेकर समारोह में पहुंचीं। नीरू हाथ में तिरंगा लेकर पूरे उत्साह के साथ उसे लहराती दिखीं। उनके चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। नीरू के लिए यह एशियाड बेहद यादगार रहा। उन्होंने दो स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया। नीरू ने अपने तीसरे पदक के रूप में किनान चेनाई के साथ ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद वह भारत लौट गई थीं, लेकिन शनिवार सुबह समापन समारोह के लिए दोबारा नागोया पहुंचीं। ध्वजवाहक के बाद एथलीट क्लोजिंग सेरेमनी में पहुंचे। इन सभी सितारों ने दो हफ्तों तक शानदार प्रदर्शन किया और अब वे अपनी उपलब्धियों पर गर्व के साथ नागोया से विदा लेते दिखे। भारतीय दल भी एशियाई खेलों की क्लोजिंग सेरेमनी में पहुंचा और अब मुख्य मंच पर ध्वजवाहक नीरू ढांडा के साथ शामिल हुआ।

## नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के टॉप 10 में राधिका सहीते



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कक्षा छठी की छात्रा राधिका सहीते सीबीएसई नेशनल फेंसिंग में टॉप 10 पर पहुंची। पिछले माह भी शालेय तलवारबाजी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया था और उसके बाद उत्तराखंड में नेशनल फेंसिंग चैम्पियनशिप में अंडर 14 ईपी इवेंट के पुल के सारे मैच जीती और प्री क्वायर एलिमिनेशन राउंड तक पहुंच कर टॉप 10 रैंक अर्जित किया। कोच मास्टर सईद आलम ने इन्हें प्रशिक्षण दिया है।

## तनीषा और श्रेया कैडेट वर्ग की कमान संभालेंगी





**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एस के आई एफ कराते मध्यप्रदेश की कैडेट मेडलिस्ट तनीषा मालवीय एवं श्रेया जरिया को एलेट स्पोर्ट्स की सर्वसम्मति से कैडेट वर्ग की कमान सौंप दी है। वे आगामी स्पर्धाओं में कैडेट वर्ग को अपने टैलेंट के दम पर पदक जीताते हुए दिखेगी। स्काई मार्शल आर्ट की राज्य स्तरीय स्पर्धा और खेलो इंडिया लीग के लिए भी हिस्सा लेंगी । सबकी निगाहे उनके स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के नेशनल जो कि कन्याकुमारी में होगा उस पर भी जमी हुई होंगी। इस रेड बेल्ट हासिल खिलाड़ी की तैयारी महू के श्रेयस लिटिल चैंप्स स्कूल से प्राचार्य राजेंद्र पाटिल की ईच वन टीच वन मूवमेंट के माध्यम से हो रही है। उनके कोच अमय लश्करी है।

# अ.भा. हैण्डबाल प्रतियोगिता का समापन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में केशव विद्यापीठ में आयोजित अ.भा. हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। आशीष पटेल, प्रकाश धनगर, दीपक जैन टीनू, डॉ. हरदीप रुप्पल, दुर्गासिह राजपूत, मनीष वाजपेयी की मौजूदगी में विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।

# गांजा तस्करी मामले में पुलिस के हत्थे चढ़े दो मुख्य सप्लायर

## क्राइम ब्रांच ने बड़वानी से किया गिरफ्तार, 4 किलो गांजे के साथ पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में खुलासा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में क्राइम ब्रांच इंदौर को बड़ी सफलता मिली है। चाणक्यपुरी चौराहे के पास से चार किलो से अधिक गांजे के साथ पकड़े गए तस्कर की बैकवर्ड लिंकेज और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने मुख्य गांजा सप्लायरों को बड़वानी जिले से धर दबोचा है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 का इजाफा करते हुए दोनों सप्लायरों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, गत 2 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच की टीम ने महर्षि गौतम उद्यान के पास, चाणक्यपुरी चौराहा सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान आरोपी सागर गौड़ निवासी बाणगंगा को रंगे हाथों पकड़ा था। आरोपी के पास से 4.064 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब



40 हजार रुपये है। इस पर थाना क्राइम ब्रांच में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। आरोपी सागर गौड़ से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण में सामने आया कि उसे यह गांजा बड़वानी जिले के तस्करों ने सप्लाई किया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने तुरंत मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और बड़वानी में घेराबंदी कर दो सह-आरोपियों मोहन शर्मा निवासी सेंधवा, जिला बड़वानी और महेश सोलंकी निवासी निवाली, जिला बड़वानी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी मोहन शर्मा साबुन बेचने का काम करता है और उसके खिलाफ पूर्व में सेंधवा शहर व ग्रामीण थानों में मारपीट और एनडीपीएस एक्ट के केस दर्ज हैं। वहीं, आरोपी महेश सोलंकी खेती-किसानी करता है और उस पर भी निवाली थाने में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है। दोनों शातिर अपराधी पहले भी मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल रहे हैं। क्राइम ब्रांच अब इस पूरे नेटवर्क के मुख्य स्रोत और फॉरवर्ड-बैकवर्ड लिंकेज को खंगालने में जुटी है।

# गमी से लौटे तो चोरों ने दे दिया चोरी का नया गम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**टूटा मिला ताला, सूने मकान से नकदी व जेवर ले उड़े चोर**

खुड़ैल थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी व सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी परिवार ताई के निधन पर राजस्थान गया हुआ था, जहाँ से लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, फरियादी लालसिंह पिता ईश्वर सिंह राठौर, निवासी ओम साईं विहार, बड़ियाकीमा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 अक्टूबर को ताई के निधन की खबर मिलने पर वे मकान में ताला लगाकर डूंगरपुर राजस्थान चले गए थे। 3 अक्टूबर की सुबह जब वे वापस लौटे, तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर अलमारी में रखे आभूषण व नकदी गायब थे। खुड़ैल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के संदेहियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

# बुजुर्ग भाई ने कुल्हाड़ी से किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खुड़ैल थाना क्षेत्र में बिजली के खुले तार हटाने की बात को लेकर दो बुजुर्ग भाइयों में विवाद हो गया। तैश में आए छोटे भाई ने अपने 70 वर्षीय बड़े भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**तार हटाने की बात पर हुआ दो बुजुर्ग भाइयों में विवाद**

पुलिस के अनुसार, फरियादी जगदीश पिता रामचंद्र पटेल (70) ने अपने भाई विष्णु पटेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि दोपहर के वक्त जब वे घर के बाहर ओटले पर बैठे थे, तब उन्होंने विष्णु से घर के ऊपर से गुजर रहे करंट के तार हटाने और आना-जाना बंद करने को कहा। इसी बात पर बहस के बाद आरोपी विष्णु कुल्हाड़ी उठा लाया और वार कर दिया। हमले में जगदीश के हाथ की उंगली में गंभीर चोट आई है। भतीजे ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रेन की चपेट में आने से प्रापर्टी ब्रोकर्स की मौत रेलवे ट्रेक के पास मिला शव, समीप मिली स्कूटी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**पुलिस सुसाइड और हादसे के बिंदु पर कर रही जांच**

**बाणगंगा थाना क्षेत्र के एमआर-10 स्थित रेलवे ट्रैक पर एक प्रॉपर्टी ब्रोकर की ट्रेन से टकराने के कारण संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां रेलवे लाइन के समीप ही मृतक की एक्टिवा स्कूटी भी खड़ी मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवा दिया है और मामले में दुर्घटना व आत्महत्या दोनों ही पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच शुरू कर दी है।**

बाणगंगा पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अनिल पिता दगडू फरादे (52) के रूप में हुई है, जो शहर में प्रॉपर्टी ब्रोकिंग का काम करते थे। उनके परिवार में दो बेटे हैं। देर रात घटना स्थल से मिले मोबाइल फोन की मदद से पुलिस ने उनके परिजनों को इस दुखद घटना की सूचना दी। मृतक के भतीजे रोहित ने बताया कि चाचा अनिल देर रात एमआर-10 रेलवे ट्रैक तक कैसे और किन परिस्थितियों में पहुंचे, इसकी कोई जानकारी परिवार को नहीं है। परिजनों ने अनिल पर किसी भी प्रकार के आर्थिक कर्ज, मानसिक तनाव या पारिवारिक विवाद की बात से साफ इंकार किया है। बाणगंगा थाना पुलिस के अनुसार, परिजनों के विस्तृत बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है, जिसके बाद ही घटना की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## दोस्त के साथ जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सुपर कारिडोर पर बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार कुणाल उर्फ कुलदीप पिता संतोष सुनहरे (18) निवासी बुद्ध नगर की मौत हो गई। वहीं दोस्त विशाल घायल हो गया जिसका अस्पताल में चल रहा है। कुणाल आईटीआई का छात्र है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

## मल्टी की चौथी मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। फूटी कोठी क्षेत्र में निर्माणाधीन मल्टी की चौथी मंजिल से गिरने पर मजदूर की मौत हो गई। घटना रात करीब 1.30 बजे की बताई जा रही है। सतना निवासी पवन पिता रामविश्वास पटेल उम्र 25 साल मल्टी में मजदूरी करता था और रात में वहीं ऊपर सो रहा था। लघुशंका के लिए उठने के दौरान नींद के झोंके में वह चौथी मंजिल से नीचे गिर गया। अन्नपूर्णा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी से 40 लाख की ठगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**राजेन्द्र नगर पुलिस ने सरकारी योजनाओं के तहत लोन दिलाने का झांसा देकर 40 लाख रुपये हड़पने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी और उनके बेटे को अपने जाल में फंसाकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर ठगी की रकम की बरामदगी के प्रयास कर रही है।**



पुलिस के अनुसार, वीआईपी परस्पर नगर निवासी रिटायर्ड एएसआई गोविंद सिंह तंवर (72) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि आरोपी सरताज अहमद निवासी सदर बाजार भिश्ती मोहल्ला ने उन्हें और उनके बेटे नरेंद्र को सरकारी स्कीम के तहत बड़ा लोन मंजूर कराने का लालच दिया था। लोन प्रक्रिया व कमीशन के नाम पर आरोपी ने उनसे किस्तों में 40 लाख रुपये ऐंठ लिए। लोन न मिलने पर ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। राजेन्द्र नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी सरताज अहमद को दबोच लिया। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने ठगी की बात कबूल कर ली। पुलिस आरोपी से राशि की बरामदगी और अन्य मुकदमों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# मेट्रो प्रोजेक्ट के डिवाइडर से टकराई बाइक, हस्तशिल्प व्यापारी की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**दोस्तों के साथ घर लौटते समय महावीर कृष्ण एवेन्यू के पास हुआ हादसा**

एरोड्रम थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में हस्तशिल्प व्यापारी की मौत हो गई। हादसा मेट्रो निर्माण कार्य के चलते सड़क पर रखे गए अस्थाई कंक्रीट डिवाइडर से बाइक टकराने के कारण हुआ। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को राहगीरों की मदद से तत्काल एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। एरोड्रम थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

हादसे का शिकार हुए मृतक 44 वर्षीय कमल पिता दुर्गाशंकर वाघेला, निवासी महावीर कृष्ण एवेन्यू है। कमल हस्तशिल्प सामग्री के कारोबारी थे और उनके परिवार में दो बेटियां व एक बेटा है। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की है, जब कमल अपने दोस्तों के साथ घर लौट रहे थे। घर के पास पहुंचते ही दोस्त अपने रास्ते मुड़ गए, जबकि कमल कुछ ही दूरी पर हादसे का शिकार हो गए। परिजनों का आरोप है कि मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए सड़क पर बिना किसी स्पष्ट संकेतक के रखे गए डिवाइडर से टकराने के कारण यह जानलेवा दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कमल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों ने उन्हें तुरंत एमवाय अस्पताल भिजवाया, लेकिन सिर में गंभीर चोट आने के कारण डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।